




**रायपुर से प्रतिदिन इंडिगो के 10 विमान भरते हैं महानगरों के लिए उड़ान, दिल्ली मुंबई और कोलकाता के एक-एक फेरे कम**

# हरिभूमि रायपुर भूमि

# इंडिगो की देशभर में 10 प्रतिशत फ्लाइट्स घटी, इनमें राजधानी से महानगर जाने वाली तीन उड़ानें भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक्शन लेते हुए इंडिगो द्वारा ऑपरेट की जाने वाली कुल फ्लाइट्स में से 10 प्रतिशत फ्लाइट्स कम करने का आदेश दिया है। सरकार के इस आदेश के बाद इंडिगो अब पहले से तय की गई सभी फ्लाइट्स ऑपरेट नहीं कर पाएगा। अर्थात पुराने शेड्यूल के अनुसार निर्धारित सभी विमान इंडिगो नहीं उड़ा पाएगा। दस प्रतिशत उड़ानों में कटौती का असर रायपुर से जाने वाले विमानों पर भी पड़ेगा। रायपुर से इंडिगो की दस उड़ानें प्रतिदिन दूसरे शहरों के लिए निर्धारित रहती हैं। अब इनमें तीन फ्लाइट की कटौती हो जाएगी। इनमें से रायपुर से दिल्ली तथा मुंबई जाने वाली एक-एक फ्लाइट अनिश्चितकाल के लिए बंद की जा रही है, जबकि एक अन्य फ्लाइट कोलकाता अथवा अन्य शहर की कैंसिल होगी। गुरुवार को दिल्ली-मुंबई के साथ कोलकाता जाने वाले विमान को कैंसिल किया गया था। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से विमान यात्रियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहे। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने पिछले 7-8 दिनों में पायलट और क्रू रोस्टर की खराब प्लानिंग की वजह से 4000 से भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सर्दियों में बढ़ जाती है मांग

डीजीसीए अर्थात नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सर्दियों के मौसम के लिए देशभर में हर हफ्ते इंडिगो की 15,014 फ्लाइट्स को मंजूरी दी थी। ये वो समय होता है, जब भारत में ट्रैवल डिमांड बढ़ जाती है। शीतकालीन अवकाश और विवाह संबंधित आयोजनों के कारण ऐसा होता है, लेकिन एयरलाइन कंपनी ने नवंबर में पूरे महीने के लिए मंजूर की गई 64,346 फ्लाइट्स में से 951 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया था। वहीं इंडिगो का दावा है कि एयरलाइन फिर से पटरी पर आ गई है और ऑपरेशन स्थिर है। इसके साथ ही वो ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा कर रही है। कंपनी के मुताबिक, एयरलाइन के अपने नेटवर्क में सभी 138 डेस्टिनेशन पर दोबारा फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही थी और इंडिगो का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस भी नॉर्मल हो गया है।

### सुधार रहे संबंध

4 दिसंबर को राजधानी के एक कारोबारी परिवार ने गोवा के लिए पूरी फ्लाइट बुक कराई थी, लेकिन फ्लाइट रद्द होने की वजह से वे शादी में तय वक्त पर नहीं पहुंच सके। राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट पर सर्वाधिक हंगामा इसी विमान को लेकर हुआ था। इसके बाद के दिनों में भी लगभग एक सप्ताह तक किसी प्रकार की जानकारी यात्रियों को तय समय पर नहीं दी गई। अधिकारी और एयरपोर्ट स्टाफ भी यात्रियों से बात करने से बचते रहे। अब यात्रियों संग संबंध सुधारे जा रहे हैं। विमान परिचालन सामान्य होने के बाद यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को चॉकलेट दिए जा रहे हैं।

ऑनलाइन टेंडर में 5 एजेंसियों ने दिखाई दिलचस्पी

# उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बनेगा महादेवघाट कॉरिडोर, खर्च होंगे 20 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के प्राचीन महादेवघाट का स्वरूप जल्द बदलने वाला है। उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर रायपुर में भी अब भव्य महादेव कारिडोर का निर्माण कार्य शुरू होगा। शहर की रामराजा एजेंसी को इस कार्य का जिम्मा मिला है। नगर उत्थान योजना में 20 करोड़ खर्च कर नगर निगम महादेवघाट को भव्य स्वरूप दिलाएगा। महादेवघाट के पुनर्विकास योजना में खारुन नदी तट पर स्थित इस ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल को प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक आकर्षण का केंद्र बनाने की तैयारी है। यही नहीं, महादेवघाट का पूरा क्षेत्र सोलर लाइट से जगमग होगा। इसके लिए सौर ऊर्जा से संचालित लाइट पोल, एलईडी बोलार्ड और डेकोरेटिव लाइट्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सोलर लाइट से जगमग होगा महादेवघाट
- महादेवघाट को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना




### महादेव कारिडोर का निर्माण जल्द

राजधानी के ऐतिहासिक एवं प्राचीन धार्मिक स्थल महादेवघाट पुनर्विकास की योजना नगर निगम ने तैयार की है। पहले फेज नगर उत्थान योजना के तहत राज्य शासन से 20 करोड़ की मंजूरी इस कार्य के लिए मिली है। इसमें भव्य महादेव कारिडोर का निर्माण कराया जाएगा। मंदिर परिसर और नदी के घाटों को संवारेंगे। विसर्जन कुंड से टाटीबंध तक सड़क चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। इसी तरह जलसंसाधन विभाग घाट क्षेत्र को सुरक्षित और विकसित करने का कार्य कराएगा।

**-मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### *इस तरह से काम होंगे*

- *महादेवघाट के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए इस पूरे क्षेत्र को एक कॉरिडोर के रूप में डेवलप करना*
- *प्रवेश के दोनों रास्तों पर भव्य स्वागत द्वार बनेगा*
- *आकर्षक लैंडस्कैपिंग , ग्रास पेवर, यज्ञशाला का निर्माण होगा*
- *शेडयुक्त गलियारा बनेगा, चलने फिरने के लिए पाथवे बनाया जाएगा*
- *पहले से दुकान लगा रहे पात्र वेंडरों को उसी स्थान सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि घाट क्षेत्र में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगाई जा सके*
- *रंगरोगन कर मंदिरों को नया स्वरूप दिया जाएगा, साथ ही मंदिर परिसर और नदी के घाटों को संवारने का काम*
- *घाट पर बोट पाइंट और बैठक व्यवस्था*
- *पार्किंग एरिया डेवलप करने का काम*
- *जल आपूर्ति और निकास प्रणाली*

### एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर

नगर निगम के लोककर्म शाखा ने महादेवघाट पुनर्विकास योजना के तहत निर्माण कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया। इसमें 5 अलग-अलग एजेंसियों ने दिलचस्पी दिखाते हुए निविदा में भाग लिया। इनमें दीपक पांडे, रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी, रामराजा, श्रीजी कृपा और कृष्णा इंटर प्राइजेस एजेंसी शामिल हैं। टेंडर खुलने के बाद सबसे कम रेट कोड करने वाली रामराजा एजेंसी रायपुर को इस कार्य को करने का जिम्मा मिलना तय माना जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी को दो साल की समय अवधि में इस काम को पूरा करना होगा।

## पेशी में लाया गया बंदी कोर्ट परिसर से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला सत्र न्यायालय रायपुर परिसर में एक बार फिर सिपाहियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इन सिपाहियों की लापरवाही के कारण एनडीपीसी एक्ट के प्रकरण का एक आरोपी न्यायालय परिसर से फरार होने में कामयाब हो गया। बंदी के फरार होने पर जेल और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग ने फरार बंदी को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल शहर के सारे थानों को सूचना देकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



**गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुआ था:** कोर्ट परिसर से फरार हुए आरोपी का नाम आशीष रजावत 26 वर्ष है। वह ककारा थाना नयापारा जिला भिंड मध्यप्रदेश का रहने वाला है। राजिम पुलिस ने 25 नवंबर को गांजा तस्करी के मामले में उसे गिरफ्तार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सिपाहियों पर साठगांठ करने की आशंका

कोर्ट परिसर से जिस तरह से बंदी फरार हुआ है, उसे देखकर अब सिपाहियों की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जिस समय बंदी फरार हुआ था, उस समय उसकी हथकड़ी खुली हुई थी।

## पीजी और पीएचडी करने वाले छात्रों को पढ़नी होंगी दो भाषाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब कॉलेज-यूनिवर्सिटी में ग्रेज्यूएशन, पोस्ट ग्रेज्यूएशन और पीएचडी करने वाले हर स्टूडेंट को अपनी मातृभाषा के अलावा एक और भारतीय भाषा पढ़नी होगी। ये कोई जबरदस्ती नहीं है, बल्कि अपनी पसंद की कोई भी भाषा चुन सकते हैं। ये पहल भारतीय भाषा समिति और यूजीसी ने मिलकर शुरू की है, ताकि हायर एजूकेशन ज्यादा बहुभाषी, समृद्ध और रोजगार-फ्रेंडली बने। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली भारतीय भाषा समिति की पहल पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी राज्यों के विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में साफ लिखा है कि बहुभाषावाद से ही देश में सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 13 पर

- यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को प्रेषित किया खत



### ऑनलाइन कोर्स भी

अगर कॉलेज ऑनलाइन कोर्स चलाता है तो 16 साल से ऊपर और कम से कम 12वीं पास कोई भी कहीं से भी जुड़ सकता है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर का भाषायी शिक्षण ऐप और पोर्टल बनेगा। भाषा के जानकार लोग भाषा गुरु बनकर मेंटरिंग भी कर सकेंगे। यह सिर्फ एक भाषा सीखना नहीं है। इससे स्टूडेंट्स में अंतर-सांस्कृतिक समझ बढ़ेगी, कम्युनिकेशन स्किल शानदार होगी और अलग-अलग राज्यों में नौकरी के मौके अपने आप खुल जाएंगे। रोजगार क्षमता बढ़ेगी और विकसित भारत का सपना सच होने में मदद मिलेगी।

### तीन तरह से किए जाएंगे ऑफर

कोर्स तीन लेवल पर होंगे। इसमें बेसिक, इंटरमीडिएट और एडवांस शामिल है। इन्हें तीन तरह से ऑफर किया जाएगा। एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स के अंतर्गत क्रेडिट मिलेगा। क्रेडिट कोर्स डिग्री में काउंट होगा। ऑडिट कोर्स सिर्फ सीखने के लिए होगा। स्टूडेंट आसानी से एंट्री-एग्जिट कर सकता है। तीन अलग सेमेस्टर या तीन माइनर कोर्स के तौर पर चल सकता है। कॉलेज खुद डिजाइन कर सकता है या किसी दूसरे संस्थान से एमओयू किया जा सकता है।




### खबर संक्षेप

#### छात्रा ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

रायपुर। स्वामी आत्मानंद विद्यालय लालपुर की एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपने घर में आत्महत्या कर ली। छात्रा दसवीं कक्षा में अध्ययनरत थी। राजेंद्र नगर निवासी छात्रा ने यह दर्दनाक कदम मंगलवार को उठाया। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस पतासाजी में जुटी है।

#### मारपीट कर टीवी-दरवाजा तोड़ा, केस दर्ज

रायपुर। उरला पुलिस ने मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी लखनलाल सेन निवासी जागृति नगर बिरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 दिसंबर को रात करीब 8.30 बजे आरोपी देवकुमार भट्टर एवं उसके साथी प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौच कर रहे थे। लखनलाल ने उन्हें मना किया। इस बात पर आरोपियों ने एक राय होकर लखनलाल के साथ मारपीट करते हुए उसके घर का दरवाजा और टीवी तोड़ दी।

#### सूने मकान से कैश-जेवर समेत लाखों की चोरी

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी वीरेंद्र यादव निवासी एचआर ब्लॉक आरडीए कॉलोनी इंद्रप्रस्थ रायपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक उसका पूरा परिवार बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा हुआ था। वापस लौटे तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा मिला और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी 65 हजार रुपए गायब थे। चोरी गए जेवरात की कीमत 3 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है।



## खबर संक्षेप



### सहकारिता मंत्री कश्यप ने कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का किया अवलोकन

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर जिले के ग्राम उमरिया स्थित वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, ऋण वितरण की प्रक्रिया तथा अन्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा, किसानों को बेहतर, सहज और समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समिति प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त एवं प्रबंध संचालक केएन कांडे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### इंदिरा कला संगीत विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा देने की मांग

**रायपुर।** राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने संसदीय क्षेत्र के खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग की है।



श्री पाण्डेय ने गुरुवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा, राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा है। यह विश्वविद्यालय 14 अक्टूबर 1956 से स्थापित है और इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में पूरा सम्मान मिलना चाहिए। यह हमारे शास्त्रीय संगीत व नृत्य कला को समर्पित एशिया का पहला विश्वविद्यालय है, जिसमें कथक, भरतनाट्यम लोक संगीत सहित अनेक विधाओं की शिक्षा दी जाती है। इस संस्थान में विदेशी छात्र-छात्राएं भी अध्यनरत हैं, अतः इसको केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए।

### बृजमोहन ने उठाया लोकसभा में डिजिटल अरेस्ट का मामला

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान डिजिटल अरेस्ट फाइनेंशियल फ्रॉड में तेजी से ही रही बढ़ोतरी का मामला उठाया। उन्होंने नागरिकों की



फाइनेंशियल सिक्योरिटी, खासकर बुजुर्गों की फाइनेंशियात सिक्योरिटी को हो रहे नुकसान का हवाला देते हुए औपचारिक रूप से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारतीय बैंकिंग सिस्टम में एआई आधारित सेफ्टी होल्ड गाइड लाइंस और एस्को मैकेनिज्म लागू करने का अनुरोध किया। श्री अग्रवाल ने बताया, डिजिटल गिरफ्तारी स्कैम अब जटिल मनोवैज्ञानिक अपराध बन गए हैं। जहां अपराधी वीडियो कॉल के जरिए सीबीआई या पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ितों को कई दिनों तक डिजिटल निगरानी में रखते हैं।

# संगठन के विस्तार और एसआईआर पर भाजपा की बैठक में होगा मंथन, राष्ट्रीय महामंत्री पहुंचे

- मुख्यमंत्री साय, मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ मोर्चा, जिलाध्यक्ष भी होंगे शामिल
- प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आज आएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अब शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक मैराथन बैठक होगी। इसमें संगठन के विस्तार के साथ ही संगठन के कार्यकमों पर मंथन होगा। एसआईआर को लेकर क्या किया गया है, आत्मनिर्भर भारत सहित अन्य कार्यक्रमों में क्या हो रहा है, इसकी समीक्षा भी होगी। इसी के साथ एसआईआर के अगले चरण को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग रायपुर पहुंच गए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, सांसदों के साथ ही प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों के अलावा जिलाध्यक्ष और मोर्चा के अध्यक्ष भी बुलाए गए हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आएंगे। भाजपा का पूरा संगठन इस समय एसआईआर को लेकर लगा हुआ है। इसी के साथ और भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। वैसे तो एसआईआर का कार्यक्रम प्रदेश में एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके बाद इसका अगला चरण होगा। शुक्रवार को होने वाली बैठक में अगले चरण को लेकर भी में चर्चा होगी। प्रदेश संगठन ने एसआईआर को लेकर अब तक क्या किया है, इसकी पूरी जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग लेंगे। वे एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी भी हैं। बैठक में एसआईआर के छत्तीसगढ़ के प्रभारी जायांग त्सेरिंग नामग्याल भी रहेंगे।

### मोर्चा की कार्यकारिणी पर भी चर्चा

भाजपा के प्रदेश संगठन का लगातार विस्तार हो रहा है। लेकिन अब भी विस्तार होना बाकी है। संगठन में क्या-क्या विस्तार किया गया है और क्या बाकी है, इस पर चर्चा होगी। मोर्चा के अध्यक्षों को भी बुलाया गया है, उनको अपनी कार्यकारिणी बनाने का फरमान जारी किया गया है। उनकी कार्यकारिणी को लेकर बात होगी। किनकी संभावित कार्यकारिणी बन गई है और किनकी बची है। इसी के साथ मुख्य रूप से संगठन की कार्यसमिति भी अब तक नहीं बन सकी है, इस पर भी मंथन होगा। बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री नवीन मार्कंडेय,यशवंत जैन, अखिलेश सोनी सहित सभी पदाधिकारी रहेंगे।

## डॉ. रमन ने नेता प्रतिपक्ष और अन्य पदाधिकारियों के कक्षों का भी किया अवलोकन

# विधानसभा में दिखेगी छत्तीसगढ़ की विरासत की झलक, संस्कृति विभाग तैयार कर रहा प्लान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुरुवार को नवीन विधान सभा भवन में विधान सभा के आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। नवीन विधान सभा भवन के सदन का अवलोकन किया एवं विधायकों की बैठक व्यवस्था एवं नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के कक्षों का भी अवलोकन किया। डॉ. रमन ने बताया कि विधानसभा में छत्तीसगढ़ की विरासत को उकेरने के लिए संस्कृति विभाग की अगआई में इसकी साज सज्जा की जाएगी।

साज-सज्जा के लिए विभाग की बैठक विधानसभा में हो चुकी है। आने वाले समय में इसका पूरा ब्लू प्रिंट तैयार कर काम शुरू किया जाएगा। सभा भवन में सदन का अवलोकन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक व्यवस्था देखी। उन्होंने आसंदी के लिए लगाई कुर्सी पर बैठकर देखा। वहीं विधायकों के बैठने की कुर्सियों का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन में बस्तर के कलाकारों द्वारा बनाई गई काष्ठकला, बांस कला से बनी कुर्सियों और अन्य कलाकृतियों का उपयोग किया गया है। विधानसभा भवन में राज्य की पहचान और विरासत को प्रदर्शित किया गया है। नए विधानसभा भवन को सत्र के पहले सुव्यवस्थित करने का काम शुरू हो गया है।

### शिफ्ट की गई फाइलें और फर्नीचर

*पुराने विधानसभा भवन से विभिन्न शाखाओं की फाइलें और फर्नीचर शिफ्ट करने का काम सत्र के पहले पूरा कर लिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने विधानसभा परिसर पर सचिवालय की विभिन्न शाखाओं का भी अवलोकन किया। वहां सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। सभी शाखाओं को सुव्यवस्थित करने में कर्मचारी लगे हुए हैं। उन्होंने यहां पर उन्हें मिल रही सुविधाओं और अन्य जरूरतों को लेकर चर्चा की। विधानसभा सचिव को भी दिशा- निर्दश दिए।*

### सी ब्लॉक की व्यवस्था भी देखी

विधानसभा भवन में मंत्रियों को सी ब्लॉक में कक्ष आवंटित किया गया है। यहां पर पुराने विधानसभा में उनके कक्ष के फर्नीचर और सामन को शिफ्ट कर व्यवस्थित किया गया है। सचिवालय पिछले एक सप्ताह से इस काम में लगा हुआ है। सत्र से पहले यह कार्य पूरा करने का प्रयास जारी है। यहां पर अभी कई कार्य अधूरे हैं, जिसे लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पूरा कराया जा रहा है।

### विधानसभा परिसर में कार्य जारी

विधानसभा परिसर में पेवर ब्लॉक और गार्डन विकसित करने का कार्य जारी है। उद्यानिकी विभाग की देखरेख में यहां पौधे लगाने का काम जारी है। यहां पर तीनों गेट की तरफ समतली करण कर पेवर ब्लॉक और पार्किंग सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं को ठीक किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में निर्माण कार्यों के 1132 निरीक्षण प्रकरण लंबित, मुख्य तकनीकी परीक्षक ने 15 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा से ये बात सामने आई है कि 8 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न विभागों के कुल 1132 निरीक्षण प्रकरण लंबित हैं।

इनमें लोक निर्माण विभाग के 484, जल संसाधन विभाग के 297, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 192, नगरीय प्रशासन विभाग के 08, पीएमजीएसवाई/सीएमजीएसवाई के 29, सीजी हाउसिंग बोर्ड के 52 तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन के 37 प्रकरण शामिल हैं। गुरुवार को मुख्य तकनीकी परीक्षक आर. पुराम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी निर्माण विभागों के अभियंताओं की बैठक लेकर लंबित निरीक्षण प्रकरणों की समीक्षा की।

### 15 दिनों में मांगा जवाब

बैठक में श्री पुराम ने विभागीय अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से परीक्षण कर 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब पाया गया तो संबंधित संभाग के अभियंताओं का नाम शासन को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा।




### वेबसाइट पर उपलब्ध एप और मार्गदर्शिका

क्वालिटी मॉनिटरिंग ऐप संगठन की वेबसाइट पर डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है। ऐप के संचालन के लिए पीडीएफ और वीडियो आधारित यूजर मैनुअल भी अपलोड कर दिया गया है, जिससे मैदानी अभियंता आसानी से ऐप का उपयोग कर सकेंगे।

### होती रहेगी निगरानी

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि एप के माध्यम से मैदानी स्तर पर की जा रही कार्यवाही की निरंतर निगरानी शासन स्तर पर होगी, जिससे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत किया जा सकेगा।

### क्वालिटी मॉनिटरिंग एप से बदलेगी व्यवस्था

बैठक में अभियंताओं को संगठन द्वारा विकसित क्वालिटी मॉनिटरिंग ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। इस ऐप में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी 100 बिंदु चेकलिस्ट शामिल की गई है, जिसके आधार पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जा सकेगी। मैदानी अभियंताओं और संगठन के अधिकारियों के लिए अलग-अलग लॉगिन बनाये गए हैं। संगठन की टेक्निकल टीम द्वारा निर्माणाधीन एवं पूर्ण कार्यों का जियो टैगिंग किया जा रहा है, जिसकी निगरानी शासन एवं संगठन स्तर पर वेब इंटरफेस के माध्यम से होगी।

## भूपेश बोले- शाह बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं

### चुग ने कहा- शाह के दौरे से बघेल को डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे पर सवाल खड़ा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आखिर वे बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं, मणिपुर क्यों नहीं जाते। इस पर पटलवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा, श्री शाह के दौरे से भूपेश बघेल डरे हुए हैं, क्योंकि उन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया है।





भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग गुरुवार रात को रायपुर पहुंचे। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा 365 दिन काम करने वाला दल है। कल भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होंगे कल प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आ रहे हैं। भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए श्री चुग ने कहा. अमित शाह के दौरे से उन्हें डर सता रहा है कि उन्होंने जो छत्तीसगढ़ से लूटा है, वो गरीबों का माल है। गरीबों के पास पहुंचना चाहिए। भाजपा इस दिशा में काम कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, उन्हें गृह मंत्री का भाषण यूट्यूब पर बार-बार देखना चाहिए, उन्हें देर से समझ में आता है।

दिल्ली दौरे से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए भाषण को असंसदीय बताते हुए अमित शाह से माफी मांगने की मांग की। श्री बघेल ने कहा, भाजपा का इतिहास है कि इन्होंने कभी वंदे मातरम् का नारा नहीं लगाया।

## धान खरीदी प्रक्रिया की निगरानी करने मार्कफेड ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

### समितियों की हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र की स्थापना की गई है। यह पूरी धान खरीदा प्रक्रिया की 24 घंटे निगरानी करती है। यह खरीदी केंद्रों से लेकर भंडारण और परिवहन तक की पूरी प्रक्रिया की लाइव निगरानी करती है। निगरानी के लिए डिजिटल उपकरण उपयोग किए जा रहे हैं।

मार्कफेड के एमडी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि धान के परिवहन में लगे वाहनों की जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जाती है।



सतर्क एप्लिकेशन के जरिए अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद करता है। पड़ोसी राज्यों से अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए राज्य की सीमाओं पर 16 से अधिक चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाती है। खरीदी, स्टॉक और भुगतान से संबंधित सभी डेटा को दिखाती करती है, जिससे निर्णय लेने में आसानी होती है।

### अवैध धान पर निगरानी

उन्होंने बताया कि इस एकीकृत कमांड और नियंत्रण प्रणाली का उद्देश्य धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी बनाना और किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि को रोकना है। अब तक अवैध धान के कई प्रकरणों में कमांड सेंटर से पकड़ने में मदद मिली है। अभी चेक पोस्ट नाकों में लगे कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। बताया गया है कि यहां पर तीन शिफ्ट में कर्मचारी काम कर रहे हैं।

## 70 साल पहले छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले चेंदरू के नाम होगा राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़, खासकर बस्तर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला बस्तर का बालक चेंदरू एक बार फिर चर्चा में आने वाला है। चेंदुरू द वर्ल्ड ऑफ अपू नामक एक वृत्तचित्र (डाक्यूमेंटरी फिल्म) का जीवंत किरदार था। इस डाक्यूमेंटरी को 1957 में अर्न आर्नहैम ने बनाया था। इसी चेन्दरू के नाम पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार देने वाला है। राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटन हितधारकों के उत्कृष्ट योगदान को पहचानने, उनको प्रोत्साहित करने, उनके प्रयासों को मान्यता देने तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को चेन्दरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।




### अब पर्यटन मंडल ने ली चेन्दरू की सुध

सत्तर साल पहले जो किरदार डाक्यूमेंटरी के साथ सामने आया था, पिछले कुछ दशकों में इस नाम को भुला दिया गया था, लेकिन अब उसके नाम पर पर्यटन पुरस्कार घोषित कर पर्यटन मंडल ने इस साहसी बालक की यादें फिर से जिंदा करने का काम किया है।

### चेंदरू का छत्तीसगढ़ से क्या नाता है

चेन्दरू का छत्तीसगढ़ के बस्तर से गहरा नाता था। वह मूल रुप से बस्तर का रहने वाला था। अब से करीब 70 साल पहले बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म का मुख्य विषय था। उसका नाम द वर्ल्ड ऑफ अपू (या कभी-कभी द जंगल सागा के रूप में भी जाना जाता है)। इस फिल्म में उनके और एक बाघ के शावक के बीच की अनोखी दोस्ती को दर्शाया गया था, जिसे चेन्दरू ने पाला था। इस फिल्म के माध्यम से चेंदुरू और उनके बस्तर के जीवन को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली थी।

### ये होंगे सम्मान के हकदार

सम्मान के लिए निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा ऐसे व्यक्ति का चयन किया जाएगा, जिन्होंने समर्पित भाव से ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा की हो। निर्णायक मण्डल द्वारा भूतकालिक एवं वर्तमान दोनों प्रकार के कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा। व्यक्ति अथवा प्रस्तावक द्वारा यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सम्मान के लिए प्रस्तावित व्यक्ति ने ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवा की है। सम्मान ग्रामीण पर्यटन के समग्र योगदान के आधार पर दिया जाना है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था द्वारा निजी स्तर पर किये गये योगदान के संबंध में पर्याप्त प्रमाण होना आवश्यक है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार (उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 11
रा.प्र.क्र. 202512116300014 /
अ-6 अ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्रपाल पटेल पिता स्व. नारायण पटेल निवासी ग्राम खिलोरा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. केन्द्री उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 241, 249/1 रकबा क्रमशः 0.04, 0.02 हे. भूमि राजस्व अभिलेख एवं ऋण पुस्तिका में छत्रपाल, रमाकांत, रूखमणी, नीतू पिसरान नारायण, जगबाई बेवा नारायण के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है एवं ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में सिर्फ आवेदक का ही नाम दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि को छत्रपाल, रमाकांत, रूखमणी, नीतू पिसरान नारायण, जगबाई बेवा नारायण के नाम पर दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 22/12/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 04/12/2025 को जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप-तहसील खोरपा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः-जिला-रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.-00014 घुसेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441631800006

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00014 के अंतर्गत ग्राम घुसेरा के वर्तमान भूमिस्वामी मन्नूराम पिता/पति-फूलचंद पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 100/2(0.2590) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हुलाश नारंग पिता/पति स्व. श्री मन्नू नारंग पता- घासीदास चौक, सतनामी पारा वार्ड नं. 12, ग्राम धुसेरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग., शिवबती पिता/पति स्व. श्री मन्नू नारंग पता-घासीदास चौक, सतनामी पारा वार्ड नं. 12, ग्राम धुसेरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. शिवकुमार नारंग पिता/पति -स्व.श्री मन्नू नारंग पता-घासीदास चौक, सतनामी पारा वार्ड नं. 12, ग्राम धुसेरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 10/12/2025** को जारी किया जाता है।


मुहर
**नायब तहसीलदार:- VIPIN PATEL**
**तहसील-अभनपुर**

# एसआईआर की समयसीमा फिर बढ़ी, छत्तीसगढ़ में 18 तक

### बीते दस दिनों में फॉर्म संग्रहण और डिजिटलाइजेशन की रफ्तार बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग ने एक बार फिर समयसीमा बढ़ा दी है। जिन राज्यों में अपेक्षित संख्या में दावे-आपत्तियां जमा नहीं हुई थीं, वहां आयोग ने अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए नई अंतिम तिथियां घोषित की हैं। सूची में छत्तीसगढ़ के साथ पांच अन्य राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। यह दूसरी बार है जब आयोग को समय बढ़ाने का निर्णय लेना पड़ा है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रकाशन अब नई तिथियों पर होगा।



छत्तीसगढ़ में एसआईआर अभियान 4 नवंबर से जारी है, जिसमें बीएलओ टीमों ने प्रदेशभर में मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन और गणना प्रपत्रों के संग्रहण की प्रक्रिया को गति दी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1 करोड़ 82 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका था, जो राज्य के कुल 2 करोड़ 12 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा है। चुनाव आयोग का मानना है कि नई समयसीमा मिलने से शहरी और दूरस्थ इलाकों में फॉर्म संग्रहण और दावों-आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया और बेहतर तरीके से पूरी हो सकेगी। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, बीते दस दिनों में फॉर्म संग्रहण और डिजिटलाइजेशन की रफ्तार और बढ़ी है। हालांकि ताज़ा आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं। विभाग का लक्ष्य है कि नई अंतिम तिथि से पहले अधिकतम पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में समुचित रूप से सम्मिलित कर लिया जाए। छत्तीसगढ़ के लिए पहले यह तिथि 11 दिसंबर थी। अब नामांकन 18 दिसंबर तक, ड्राफ्ट रोल अंतिम तारीख 23 दिसंबर को तय की गई है।

### मतदाताओं से अपील

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि जिनका नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम दर्ज कराएं। यह काम ऑनलाइन या बीएलओ के माध्यम से किया जा सकता है। अंतिम मतदाता सूची फरवरी 2026 में प्रकाशित होगी।

**अब 21 फरवरी को अंतिम प्रकाशन**

भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में राज्य में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को एक सप्ताह और बढ़ाकर संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम इस प्रकार है। मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 18 दिसंबर तक किया जाना है। कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची की तैयारी 19 से 22 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को होगा। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक होगी। नोटिस जारी करना, सुनवाई और सत्यापन एवं दावा आपत्तियों का निराकरण 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

|| श्री हरिः शरणम || || श्री हरिः शरणम ||



**स्व. बिमला बाई सोनी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की मेरी दादी बिमला बाई सोनी का आकस्मिक निधन दिनाँक 11-12-2025 को हो गया है जिनका अंतिम संस्कार दिनाँक 12-12-2025 के दिन शुक्रवार को सुबह 10:30 को राजीव नगर मुक्ति धाम में होगा।

स्थान - क्रिस्टल आर्केड राजीव नगर रिंकू किराना स्टोर्स से राजीव नगर मुक्ति धाम जाएगी

फर्म - Soni CCTV Camera (New Rajendra Nagar, Raipur)
फर्म - Cake O Clock Training Institute (New Rajendra Nagar, Raipur)
फर्म - Rinku Kirana Stores (Crystal Arcade, Rajiv Nagar, Raipur)
फर्म - Hira Aartifact (Crystal Arcade, Rajiv Nagar, Raipur)

**शोकाकुल**
हिरा बाई सोनी ( बहु )
सुनीता सोनी - नवल सोनी (बेटी-दमांद)
सुधा सोनी - प्रदीप सोनी (बेटी-दमांद)
पोते - दिलीप सोनी, रुपेश सोनी, भूपेश सोनी, निलेश सोनी

9425522080 / 9827152952 / 8319812290

**खबर संक्षेप**



## समोदा उपस्वास्थ्य केंद्र में मितानिन का हुआ सम्मान

**समोदा।** गुरुवार को नगर पंचायत समोदा की समस्त मितानिन दीदीयों का सम्मान समारोह उपस्वास्थ्य केंद्र समोदा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद श्री देवेंद्र साहू द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग से कमल बर्मन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रेवा राम सेन, पुष्पा साहू, लिलेश्वरी साहू, सेवती साहू, कौशल्या गुप्ता एवं चुनेश्वरी पांडे कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। पार्षद ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी मितानिन स्वास्थ्य विभाग की नींव हैं। गाँव के वे लोग जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अभाव रहता है, उन तक सही जानकारी एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में मितानिनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मितानिन अपने कर्तव्यों का पालन घर–परिवार के सदस्य की तरह समर्पण और सेवा भाव से करती हैं।

## कृषि ट्रेड की छात्राओं ने कृविवि का किया भ्रमण



**आरंग।** शा. कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय आरंग में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि ट्रेड की कक्षा 9वीं से 12वीं की छात्राओं को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। यहाँ मशरूम विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा छात्राओं को मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, मशरूम बीज बनाने की विधि तथा जानकारी दी गई कि हमारे देश में लगभग 2000 से अधिक किस्मों के मशरूम पाए जाते हैं, जिनमें से 20–25 किस्में खाद्य होती हैं। इन खाद्य प्रजातियों को जंगलों से लाकर ग्रो मीडिया में उगाया जाता है, जिससे आमजन को मौसम के अनुरूप मशरूम उपलब्ध हो सके एवं किसानों को वर्षभर रोजगार प्राप्त हो। इसके साथ ही छात्राओं ने आर.एच. रीछारिया रिसर्च लैब का अवलोकन किया, जो विश्व की दूसरी सबसे बड़ी धान अनुसंधान प्रयोगशाला है। यहाँ 23250 प्रकार की धान किस्में संरक्षित हैं। छात्राओं को धान से चावल, कार्बोहाइड्रेट से शर्करा निकालने की प्रक्रिया तथा एथेनॉल उत्पादन की जानकारी विस्तार से दी गई।

### पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 80 लाख का कार्य, निरस्त होगा ठेका, रीटेंडर

# नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क पर नहीं हुआ काम, किड्स प्ले एरिया का ठिकाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब से लगी 1.10 एकड़ जमीन पर रंगीन तितलियों को आकर्षित करने के लिए बनाया जाने वाला बटरफ्लाई पार्क के डोम बनाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए किड्स प्ले एरिया का कहीं ठिकाना नहीं है। लोगों के चलने के लिए पाथवे बनना था जिसका 60 फीसदी काम हुआ, पर 40 फीसदी काम बाकी है। बाउंड्रीवाल करना था, पर इसमें कालम लेवल तक ही काम हो पाया। ऐसे में काम में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी का ठेका नगर निगम निरस्त करने की तैयारी में है, इसकी जगह अब रीटेंडर होगा।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क और किड्स प्ले एरिया के साथ गजीबो बनाने नगर निगम ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर की फारच्यून बिल्डर्स के साथ अनुबंध किया। मार्च में अनुबंध के बाद संबंधित एजेंसी को 4 माह की समय अवधि में यह काम पूरा करना था। योग करने वालों के लिए पक्का शेडनुमा गजीबो बनाया गया, पर रंगीन तितलियों को लुभाने पौधे लगाकर बटर फ्लाई पार्क बनाने का काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ है। तालाब के पास एक छोटा सा बगीचा भी विकसित करना था, जिसमें रंगीन फूलदार पौधे रोपित करने की योजना रही। पूरे परिसर को आकर्षक स्वरूप देने लैंड स्केपिंग कराने का कार्य इसमें शामिल है।



### पाथवे का काम भी अधूरा

अनुबंधित एजेंसी ने न तो तालाब के पास बगीचा विकसित किया, न ही रंगीन फूलदार पौधे लगाए। यही नहीं, बाउंड्रीवाल करने का काम अनुबंध की शर्त में शामिल था, पर ठेका एजेंसी केवल कालम लेवल तक ही काम करा सकी है। पाथवे का काम भी अधूरा है। कुल मिलाकर नरैया तालाब से लगे तीन तालाब के साथ ही आसपास खुला क्षेत्र होने से यहां सुबह-शाम मार्निंग और इवनिंग वॉक करने लोग पहुंचते हैं, पर इसे एक सुंदर स्पॉट के रूप में विकसित नहीं कर पाने से लोगों को मायूसी हुई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि अनुबंधित एजेंसी को काम तेजी से पूरा करने 31 दिसंबर तक समय बढ़ाया गया, पर एजेंसी द्वारा काम बंद करने से ठेका निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद रीटेंडर किया जाएगा।

**समय पर काम पूरा नहीं, अनुबंधित एजेंसी की लापरवाही ,**

### नोटिस दिया है ठेका निरस्त करेंगे

नरैया तालाब में बटर फ्लाई पार्क का काम लेने वाली एजेंसी काम में कोताही बरत रही है, इससे निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। इसके लिए उसे नोटिस दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ठेका निरस्त करेंगे।

- **विश्वदीप,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

## संकुल प्राचार्य व सीएसी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय गुखेरा तथा शासकीय प्राथमिक शाला कलई का संकुल खमतराई की प्राचार्या टिकेश्वरी चंद्राकर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक (सीएसी) हरीश दीवान भी उनके साथ उपस्थित रहे। प्राचार्या चंद्राकर ने विद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक पहलुओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य रूप से दैनिक दस्तावेज़ों जैसे डेली डायरी और कालखंड (पीरियड) व्यवस्था का निरीक्षण किया। बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की जाँच की। विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनके शैक्षणिक स्तर को जानने का प्रयास किया। निरीक्षण के उपरांत, प्राचार्या चंद्राकर ने विद्यालयीन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। इनमें छात्रवृत्ति वितरण, विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, तथा आगामी केंद्रीयकृत परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश शामिल थे। संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, "आपसी सामंजस्य और सहयोग से ही शिक्षा-गुणवत्ता स्तर को निरंतर बढ़ाने का सतत प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने हाल ही में शुरू की गई एफ.एल.एन. (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) गतिविधियों का भी जायज़ा लिया और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। यह निरीक्षण शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने और उसमें अपेक्षित सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान पाठकगण लक्षण लहरी, अरविंद वैष्णव एवं के.के. साहू, शिक्षकगण राम नारायण कन्नौजे, नोहरलाल यादव, विमला चौहान, नीलू देवांगन, प्रभा जलक्षत्रि तथा मध्यान्ह भोजन स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ — डिगेश्वरी यादव, सीमा यादव, ललिता यादव, पूजा यादव एवं बच्चों की सहभागिता रही।

## शिविर में स्वास्थ्य जांच हुआ और ड्राइविंग लाइसेंस बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पंचायत भवन लखौली में गुरुवार को आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में 260 लोगों का बीपी एवं शुगर जाँच किया गया, जिसमें स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को आवश्यक परामर्श व दवाइयाँ भी प्रदान कीं। इसके साथ ही परिवहन विभाग की ओर से 220 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 267 पात्र हितग्राहियों की सूची पंचायत भवन में चस्पा की गई। सूची में नाम आने पर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, वहीं जिनका नाम इस बार सूची में शामिल नहीं हो सका, उनके चेहरे पर निराशा दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में सरपंच हिरामन साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य है कि हर सरकारी योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ सही लोगों तक पहुँचे। आज के शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि लोग योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक हैं। जिनका नाम आवास सूची में नहीं आया है, वे निराश न हों, आने वाले चरणों में उनकी पात्रता की पुनः जाँच करवाई जाएगी। शिविर में मौजूद उपसरपंच भीमा मोहन साहू, मितानिन, सचिव घनश्याम धीढ़ौढे सहित बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने शिविर के सफल आयोजन पर ग्राम पंचायत और विभागीय अधिकारियों का आभार जताया।

## बैकुंठ में घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला, दो जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा समीप टंडवा ग्राम पंचायत के बैकुंठ बस्ती में मामूली विवाद पर पांच युवकों ने मिलकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर प्राण घातक हमला कर दिया। हमले में कौशल वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- **मामूली विवाद के बाद हुआ विवाद, कौशल वर्मा गंभीर रूप से घायल**

जानकारी के अनुसार कौशल वर्मा की गांव में स्थित सरकारी शराब दुकान के पास चिकन की दुकान है। कौशल वर्मा जब अपनी दुकान पर पहुंचे तो उसकी दुकान में लगे बिजली बोर्ड और बल्ब टूटा हुआ मिला। लोगों ने बताया कि बिजली बोर्ड की तोड़फोड़ सिद्धू उनके और उनके साथी के द्वारा की गई है। इसी बात को लेकर कौशल वर्मा का दोनों युवकों से विवाद हो गया, देखते ही देखते तीनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

उसके बाद दोपहर को कौशल वर्मा दुकान बंद करके घर चला गया। दोनों युवक भी वहां से वापस अपने गांव जलसो निकल गए। बाद में सिद्धू और उसका साथी हथियार से लेस होकर दुकान पहुंच गए , तब उन्हें पता चला कि कौशल वर्मा दुकान बंद कर घर गया हुआ है। वहां से दोनों बाइक से सीधे कौशल के घर पहुंच गए और घर के अंदर घुसकर उस पर सोए हुए हालत में धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिए।हमले में कौशल गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर हमला करने के बाद दोनों आरोपी अपनी बाइक से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में प्रार्थीकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपीनाम आरोपीटुकेश उईके उर्फ सिद्धु उईके पिता पुनीत राम उईके उम्र 26 साल ,सोहन उर्फ मोनू उईके पिता राहुल उईके उम्र 21 साल.,के विरुद्ध धारा 554/2025 धारा 333,109(1),127(2),3(5) बी0एन0एस0 एवं 25, 27 ARMS ACT कायम कर विवेचना में लिया गया। दोनों आर्पियो को गिरफ्तारकर न्यायालय में पेश किया गया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया। बताया जाता है की इस मामले में और भी युवक शमिल थे लेकिन पुलिस ने दो युवको को हि आरोपी बनया है।

## जनता की प्रत्येक समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना हमारा अटल संकल्प : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



जनसेवा और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया। विधायक कार्यालय में आयोजित 'जनदर्शन' कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना गया और उनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। आज दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में फरियादियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

- **विधायक अनुज शर्मा के जनदर्शन में कई समस्याओं का त्वरित निस्तारण**

मीडिया से बातचीत के दौरान, विधायक अनुज शर्मा ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के उपरांत शुरू किए गए इस जनदर्शन कार्यक्रम को क्षेत्रीय दौरों के कारण अल्पकाल के लिए स्थगित किया गया था, जिसे अब पूर्ण उत्साह के साथ पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल छोटी-बड़ी समस्याओं के निस्तारण का माध्यम है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था में वांछित कसावट लाना है। /"हमारा संकल्प है कि आम आदमी को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। कर्मचारी-अधिकारी नियम-कानून की ओट लेकर जनसामान्य को कतई परेशान न करें।

लापरवाही पर सख्त चेतावनी

विधायक शर्मा ने चेतावनी दी कि अब इन गतिविधियों की सतत और कठोर निगरानी की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी आम आदमी को त्रस्त कर शासन की जनकल्याणकारी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र के किसान, गरीब, मजदूर और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## स्टेट बैंक शाखा में पेंशनरों का सम्मान



**आरंग।** एसबीआई शाखा आरंग में शाखा प्रबंधक चिराग वर्मा ने आरंग के पेंशनरों का एक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें अधिकतर पेंशनर उपस्थित हुए। समारोह में पेंशनरों का सम्मान शाखा प्रबंधक द्वारा किया गया। तत्पश्चात पेंशनरों ने अपनी समस्याएँ एवं सुझाव रखे, जिन पर शाखा प्रबंधक ने हर स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने बैंक में प्रचलित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिससे पेंशनर अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने पेंशनरों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं के तत्काल निराकरण का भी भरोसा दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह की समाप्ति की घोषणा की गई। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से जी.एस. यादव, अनिल शुक्ला, अशोक शर्मा, घनश्याम सोनी, गोपत राम टंडन, सुरेश शर्मा, एस.एल. चंद्राकर, निरंजन साहू, विष्णु देवांगन, सी.आर. बेलगहे सहित अनेक पेंशनर उपस्थित थे।

## नपं कूंरा में 28 करोड़ के विकास कार्य हैं प्रगति पर, कांग्रेस कर ले मौका मुआयना

**धरसींवा।** विधायक अनुज शर्मा द्वारा हाल ही में प्रस्तुत 400 करोड़ की विकास रिपोर्ट कार्ड के बाद नगर पंचायत कुरा में राजनीतिक पारा चरम पर है। कांग्रेस पार्टी द्वारा विकास कार्यों को 'ढूंढने' और पिछली सरकार के 06 करोड़ के कार्यों को 'निरस्त' कराने के आरोप पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष के आरोपों को ध्वस्त कर दिया है। अध्यक्ष श्री साहू ने स्पष्ट शब्दों में दावा किया कि कुरा आज 28 करोड़ के कार्यों के साथ विकास की नई गाथा लिख रहा है।

### विकास के लिए छह करोड़ की राशि आई

नगर पंचायत में पिछली सरकार की 06 करोड़ की कोई भी विकास कार्य के लिए राशि नही आई है यह मेरी जानकारी में है वर्तमान में नगर में विकास कार्य प्रगति पर है व आवास योजनाओं की राशि स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।



कांग्रेस के दिग्गज नेताओ की टीम दो दिन पूर्व नगर पंचायत कुरा पहुँचे थे और उन्होंने वर्तमान विधायक अनुज शर्मा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की कमी बताते हुए आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार के 06 करोड़ के विकास कार्य विधायक ने निरस्त करा दिए। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद साहू ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कांग्रेस पर विकास को अनदेखा करने का आरोप लगाया। अध्यक्ष साहू ने कांग्रेस के आरोपों को 'बेबुनियाद' और 'तथ्यों से परे' करार दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि /"कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि कुरा नगर पंचायत आज विकास की रथ पर सवार है। विधायक अनुज शर्मा जी के नेतृत्व में वर्तमान में लगभग 28 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक और मूलभूत विकास कार्य प्रगति पर चल रहे हैं। कांग्रेस अगर विकास कार्य नहीं देख पा रही है, तो वे आकर इन कार्यों का निरीक्षण कर सकती है।

# ब्लाक महिला खेलकूद के विजेताओं को विधायक साहू ने मेडल से किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता जीवोदया नगर खेल मैदान गातापार अभनपुर मे संपन्न हुआ जिसमे 9 से 18 व 18 से 35 आयु वर्ग के महिलाओ ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने प्रतिभागियो को मेडल देकर सम्मानित किया। 9 से 18 आयु वर्ग मे 400 मी की दौड़ मे प्रथम ईशा रानी सिन्हा अभनपुर,द्वितीय चमेली धुरव खोला,100 मीटर मे प्रथम चमेली धुरव खोला,द्वितीय चांदनी साहू,18 से 35 आयु वर्ग मे 400 मीटर मे प्रथम रेशमी धुरव,द्वितीय अंजना थनौद ,100 मीटर मे प्रथम अंशु बंजारे नेताजी महविद्यालय,द्वितीय रेशमी हीरालाल कॉलेज,तवा फेक 9 से 18 आयु वर्ग मे प्रथम चमेली धुरव,द्वितीय नारायणी कार्ले हीरा लाल कॉलेज,18 से 35 वर्ग मे प्रथम खेमेश्वरी मुरा ,द्वितीय दामनी रात्रे सिवनी,रस्साकशी मे 9 से 18 आयु वर्ग मे जियोदया नगर ,द्वितीय शाउमा मानिकचौरी,18 से 35 वर्ग मे प्रथम हीरालाल महाविद्यालय,द्वितीय सुभाष महाविद्यालय,खोखो 9 से 18 आयु वर्ग प्रथम थनौद,द्वितीय शाउमाविपोड़,18 से 35 आयु वर्ग मे प्रथम हीरालाल महाविद्यालय,द्वितीय नेताजी महाविद्यालय,वॉलीबाल मे 18 से 35 वर्ग मे प्रथम हीरालाल यादव,बैडमिंटन मे 9 से 18 मे प्रथम लक्ष्मी पांडे जीवोदया नगर,द्वितीय हेतल वर्मा ,18 से 35 वर्ग मे प्रथम शांता धुरव सेठ फु लचंद महाविद्यालय नयापारा रही।

इस अवसर पर विद्यालय इन्द्रकुमार साहू ने प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले विजयी एवं पराजित प्रतिभागियो को बधाई देते कहा कि जब तक इस खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग नही लेगे तब तक आगे बढने का ललक मन ने नही होगा,अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खेलकूद अनिवार्य है ,खेलकूद से मानसिक व शारीरिक विकास मजबूत होता है जिस बच्चो मे प्रतिस्पर्धा की भावना होती है वही निश्चित रूप से अपनी मेहनत से अपना लक्ष्य को प्राप्त करेगे। अभनपुर ब्लॉक खेल जगत मे कैसे आगे आये इस सोच के साथ हमेशा तत्पर रहने वाले खेल अधिकारी,कोच,प्रशिक्षको को धन्यवाद देता हूं जिन्होने अपना पूरा समय निकाल कर बच्चो को आगे ले जाने का प्रेरित करने का काम कर रहे है।

## प्रोजेक्ट आंगन से आंबा में गुणवत्तापूर्ण सीख मिलेगी



**आरंग।** जिला प्रशासन रायपुर की अभिनव पहल "प्रोजेक्ट आँगन" मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय के निर्देश व डॉ. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर रायपुर के मार्गदर्शन में रायपुर जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित की जा रही है। "प्रोजेक्ट आंगन " आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और बच्चों के अनुकूल वातावरण स्थापित करने की एक संगठित एवं परिणाम-उन्मुख पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य पंजीकृत बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना, खेल एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना, बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उपयुक्त सीखने का वातावरण तैयार करना एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को इसीसीइ गतिविधि के मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करना है।

## पेज 11 के शेष...

### इंडिगो की देशभर में 10 प्रतिशत...

ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल की थी। आपतकाल में कई यात्री ऊंची दरों पर टिकट खरीदने के बाद भी फंसे रहे। इसे लेकर देशभर के एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा हुआ। राजधानी रायपुर में भी कई दिनों तक यात्री परेशान रहे थे। विमान कटौती की पूर्व सूचना होने के कारण यात्रियों को पूर्व की तरह परेशान नहीं होना पड़ा।

### उज्जैन के महाकाल की...

लगाई जाएंगी। इससे महादेवघाट क्षेत्र दिन और रात दोनों समय सुरक्षित और सुंदर बना रहे। दरअसल, खारुन नदी के किनारे स्थित महादेवघाट के पुनर्विकास की योजना में तीन विभाग एक साथ मिलकर अलग-अलग फेज में काम करेंगे। इसमें नगर निगम, लोक कर्म विभाग और जलसंसाधन विभाग शामिल है। योजना के मुताबिक विसर्जन कुंड से टाटीबंध तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। जलसंसाधन विभाग घाट को सुरक्षित और विकसित करने कार्य करेगा। वहीं नगर निगम प्रथम फेज में 20 करोड़ की कार्ययोजना बनाकर यहां उज्जैन के महाकाल कारिडोर की तर्ज पर भव्य कारिडोर का निर्माण कराएगा। इसके लिए नगर उत्थान योजना में राज्य शासन ने नगर निगम को 20 करोड़ की स्वीकृति दी है। महादेवघाट प्रवेश के दोनों रास्तों पर भव्य स्वागत द्वार बनाया जाएगा। इसके अलावा धार्मिक आयोजन के लिए यज्ञशाला, शेड युक्त गलियारा और लोगों के चलने फिरने के लिए पाथवे निर्माण होगा। रंगरोगन कर मंदिरों को नया स्वरूप दिया जाएगा।

### पेशी में लाया गया बंदी...

किया था। उसके विरुद्ध थाने में 20बी एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर शैलेष शर्मा की विशेष अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से वह जेल में ही बंद था। उसे दो सिपाहियों की निगरानी में पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान आशीष सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया।

### पीजी और पीएचडी करने वाले...

एकीकरण और समावेशी विकास आएगा। इसे ही ध्यान में रखकर भारतीय भाषा समिति ने एक और भारतीय भाषा सीखें कैंपेन शुरू किया है। इसका मकसद स्टूडेंट्स, टीचर्स और स्टाफ का भाषाई स्किल बढ़ाना है। अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझने में मदद करके नौकरी के नए रास्ते खुल सकेंगे। 22 शेड्यूल 8 भाषाओं में से अपनी मातृभाषा के अलावा एक और भारतीय भाषा चुननी होगी। मिसाल के तौर पर अगर आपकी मातृभाषा हिंदी है तो तमिल, बंगाली, मराठी, गुजराती, कन्नड़, तेलुगु, उड़िया, मलयालम कोई भी चुन सकते हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर हर तरह के कॉलेज में ये लागू होगा।

# डीजीपी गौतम ने ली बैठक, आपरेशन निश्चय को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह की उपस्थिति में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान डीजीपी ने बेसिंग पुलिसिंग पर जोर देने, शाम के समय पुलिस की उपस्थिति भीड़भाड़ एवं सुनसान स्थानों पर होने के निर्देश दिए। बैठक में अपराध का डायजेस्ट मंगाया जाकर डायजेस्ट में अपराधों के संधारण एवं अपराधों के पर्यवेक्षण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से अपराधों पर अंकुश कैसे लगाया जाए, इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही वीआईपी मूवमेंट/कानून व्यवस्था ड्यूटी एवं धरना-प्रदर्शन पर बेहतर कार्य कर शांतिपूर्ण तरीके से संपादित करने कहा गया।

### *निश्चय अभियान तीन स्तर पर कर रहा काम*

*आईजी अमरेश मिश्रा ने जानकारी दी कि ऑपरेशन निश्चय अभियान तीन स्तर पर काम करता है। इसमें ड्रग्स की सप्लाई रोकना, खपत को कम करना और न्यायालय निगरानी शामिल है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स की सप्लाई चेन पर कार्रवाई से पुलिस को बड़ी सफलताएं मिली है। इससे काफी हद तक ड्रग्स के कारोबार में कमी आई है। आईजी का यह भी कहना है कि ऑपरेशन निश्चय की रणनीति को मजबूत करने के लिए मॉड्यूल्स का फाइनेंशियल एनालिसिस, बैंकिंग ट्रेल और फोरेंसिक एनालिसिस किया जा रहा है, ताकि ड्रग्स मनी के पूरे प्रवाह को तोड़ा जा सके।*

### जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों समेत एसएसपी-आईजी भी हुए शामिल



डीजीपी श्री गौतम ने महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेकर अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने एवं पीड़ितों को राहत दिलाने, महिला संबंधी अपराधों में 60 दिवस के भीतर चालान न्यायालय प्रस्तुत करने तथा साइबर संबंधी मामलों में शिकार हुए पीड़ित व्यक्ति की हरसंभव मदद करने को कहा।

### मुस्तैदी से करें रात्रि गश्त

डीजीपी ने यातायात व्यवस्था को सुगम व सुदृढ़ बनाने, समंस-वारंट की अधिक से अधिक तामीली करने, रात्रि गश्त को और भी मुस्तैदी से करने तथा धोखाधड़ी के मामलों में विवेचना संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीसीटीएन, नवीन एप व पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग कर कार्यों को सरलता से संपादित करने व प्रोफेशनलशिप पर पुलिस की वर्दी व आचरण कैसा हो, के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान पिछले दिनों वीवीआईपी व कानून व्यवस्था ड्यूटी को सफलता से संपादित करने पर रायपुर पुलिस की प्रशंसा की गई।

## खबर संक्षेप

### तृति और श्लोक ने जीता गोल्ड



रायपुर। ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2025, महिला महाविद्यालय भिलाई में आयोजित हुआ, जिसमें रायपुर के तृति सिंह ने 25 किलो 6-12 वर्ष बालिका कैटेगरी में काता फॉर्मेट में गोल्ड और कुमिते फॉर्मेट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वही श्लोक झा ने 35 किलो 6-12 वर्ष कैटेगरी में काटा फॉर्मेट में गोल्ड और कुमिते फॉर्मेट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इनके कोच मनीष बाग, बरुण बाग और हिमांशु बरमाल उनके साथ उपस्थित रहे।

## निधन

### सरोजनी पिल्लई



रायपुर। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी टाटीबंध एलआईजी-52 निवासी सरोजनी पिल्लई (82) का 11 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे एनएस पिल्लई की पत्नी और सुनील, मनोज पिल्लई, सुभा की माता थीं।

### कमला तिवारी



रायपुर। तेलीबांधा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेत्री कमला तिवारी (85) का 11 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे राजीव तिवारी, किरण शर्मा, प्रीति शुक्ला की माता एवं सृष्टि तिवारी की दादी थीं।

### मनबोध साहू



रायपुर। माना बस्ती निवासी मनबोध साहू (95) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 दिसंबर को माना बस्ती मुक्तिधाम में किया गया। वे कृपाराम साहू, आशकरना साहू का पिता थे।

### महेश यादव



रायपुर। पेंशनबाड़ा निवासी महेश यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे श्रवनकुमार व ज्योति यादव के पिता थे।

### पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 80 लाख का कार्य, निरस्त होगा ठेका, रीटेंडर

# नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क पर नहीं हुआ काम, किड्स प्ले एरिया का ठिकाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

टिकरापारा के नरैया तालाब से लगी 1.10 एकड़ जमीन पर रंगीन तितलियों को आकर्षित करने के लिए बनाया जाने वाला बटरफ्लाई पार्क के डोम बनाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए किड्स प्ले एरिया का कहीं ठिकाना नहीं है। लोगों के चलने के लिए पाथवे बनना था जिसका 60 फीसदी काम हुआ, पर 40 फीसदी काम बाकी है। बाउंड्रीवाल करना था, पर इसमें कालम लेवल तक ही काम हो पाया। ऐसे में काम में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी का ठेका नगर निगम निरस्त करने की तैयारी में है, इसकी जगह अब रीटेंडर होगा।

राजधानी के टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क और किड्स प्ले एरिया के साथ गजीबो बनाने नगर निगम ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर की फारच्यून बिल्डर्स के साथ अनुबंध किया। मार्च में अनुबंध के बाद संबंधित एजेंसी को 4 माह की समय अवधि में यह काम पूरा करना था। योग करने वालों के लिए पक्का शेडनुमा गजीबो बनाया गया, पर रंगीन तितलियों को लुभाने पौधे लगाकर बटर फ्लाई पार्क बनाने का काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ है। तालाब के पास एक छोटा सा बगीचा भी विकसित करना था, जिसमें रंगीन फूलदार पौधे रोपित करने की योजना रही। पूरे परिसर को आकर्षक स्वरूप देने लैंड स्केपिंग कराने का कार्य इसमें शामिल है।



### पाथवे का काम भी अधूरा

अनुबंधित एजेंसी ने न तो तालाब के पास बगीचा विकसित किया, न ही रंगीन फूलदार पौधे लगाए। यही नहीं, बाउंड्रीवाल करने का काम अनुबंध की शर्त में शामिल था, पर ठेका एजेंसी केवल कालम लेवल तक ही काम करा सकी है। पाथवे का काम भी अधूरा है। कुल मिलाकर नरैया तालाब से लगे तीन तालाब के साथ ही आसपास खुला क्षेत्र होने से यहां सुबह-शाम मार्निंग और इवनिंग वॉक करने लोग पहुंचते हैं, पर इसे एक सुंदर स्पॉट के रूप में विकसित नहीं कर पाने से लोगों को मायूसी हुई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि अनुबंधित एजेंसी को काम तेजी से पूरा करने 31 दिसंबर तक समय बढ़ाया गया, पर एजेंसी द्वारा काम बंद करने से ठेका निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद रीटेंडर किया जाएगा।

### समय पर काम पूरा नहीं, अनुबंधित एजेंसी की लापरवाही

#### नोटिस दिया है ठेका निरस्त करेंगे

नरैया तालाब में बटर फ्लाई पार्क का काम लेने वाली एजेंसी काम में कोताही बरत रही है, इससे निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। इसके लिए उसे नोटिस दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ठेका निरस्त करेंगे।

- **विश्वदीप,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# बारनवापारा अभयारण्य में होगा सिटीजन साइंस बर्ड सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार तथा वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के मार्गदर्शन में बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सिटिज़न साइंस बर्ड सर्वे 2026 का आयोजन 16 से 18 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस सर्वे का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध पक्षी-विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण करना, नागरिक वैज्ञानिकों की भागीदारी बढ़ाना और दीर्घकालिक संरक्षण कार्यों को मजबूत बनाना है। प्रकृति- रक्षित क्षेत्रों, घासभूमियों और वनों के मिश्रित परिदृश्य से युक्त बारनवापारा अभयारण्य इस प्रकार के अध्ययन के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है।



- राष्ट्रीय स्तर पर तीन दिवसीय पक्षी सर्वेक्षण
- अब तक 12 राज्यों से 135 आवेदन प्राप्त

### अब तक 12 राज्यों से 135 आवेदन

कार्यक्रम को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। यह बढ़ती सहभागिता छत्तीसगढ़ की जैव-विविधता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती रुचि को दर्शाती है तथा बारनवापारा अभयारण्य को महत्वपूर्ण संरक्षण स्थल के रूप में स्थापित करती है। सर्वे के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। प्रतिभागियों द्वारा जुटाई गई जानकारी वैश्विक डाटाबेस में शामिल होगी।

### क्या है सिटिज़न साइंस बर्ड सर्वे

सिटिज़न साइंस बर्ड सर्वे (नागरिक विज्ञान पक्षी सर्वेक्षण) एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें आम लोग बिना किसी वैज्ञानिक अनुभव के, पक्षियों को देखकर उनका डेटा इकट्ठा करते हैं, जिससे वैज्ञानिकों को पक्षियों की आबादी, प्रवास और पर्यावरणीय बदलावों (जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण) के प्रभावों को समझने में मदद मिलती है और यह डेटा पक्षियों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है।

## अनुपम नगर वृंदावन कालोनी में मलबा फेंकने पर जुर्माना



रायपुर। नगर निगम जोन 3 के नगर निवेश विभाग ने अनुपम नगर वृंदावन कालोनी में मलबा खुले में फेंकने की शिकायत सही मिलने पर 6 लोगों पर 19 हजार रुपए जुर्माना किया। जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर उपअभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जन शिकायत मिलने पर अभियान चलाकर 6 विभिन्न स्थानों पर संबंधित भवन स्वामी आयुष अग्रवाल पर 5000 रुपए, विनोद गुप्ता पर 5 हजार, सुनील बंसल पर 5000 रुपए और विवेक जीवन पर 2000 रुपए, इसी तरह रमेश माखीजा और आशीष पर 1000-1000 रुपए जुर्माना किया। आसपास के रहवासियों ने नगर निगम जोन 3 दफ्तर में इस बात की शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद जोन 3 के नगर निवेश विभाग की टीम ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया। शिकायत सही पाए जाने पर 6 लोगों पर 19 हजार जुर्माना किया।

# 6 महीने में बिगड़ने लगी नई ई-पॉस मशीनें, मेंटेनेंस का जिम्मा एजेंसी का, बिल दुकान संचालकों के सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न वितरण के लिए इलेक्ट्रानिक नई ई-पॉस मशीनों को बांटे हुए लगभग 6 महीने ही हुए हैं, लेकिन ये अभी से खराब भी होने लगी हैं। खराब हो रही मशीनों को सुधारने का काम भी कछुए गति से चल रहा हैं, जिसके कारण कई राशन दुकानों में हितग्राहियों को खाद्यान्न लिए बगैर लौटना पड़ रहा है।

इधर नई ई-पॉस मशीनों की खरीदी, संचालन के लिए ट्रेनिंग तथा इनका मेंटनेंस के साथ पूरी तरह खराब होने की स्थिति में रिप्लेसमेंट करने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की है, लेकिन अनुबंध के नियमों का पालन एजेंसी नहीं कर रही है और खराब मशीनों को सुधारने के एवज में बिल दुकान संचालकों पर थोप रही हैं।

### *जून में बांटी गई थी नई पॉस मशीनें*

*नई ई-पॉस मशीनों को राशन दुकानों में जून में बांटी गई थी। जून से ही राशन दुकानों में इन मशीनों के माध्यम से वितरण शुरू हुआ है। इन मशीनों से वितरण के शुरुआत में ही दिक्कत आने लगी थी। जून में शासन ने एक साथ तीन माह का चावल वितरण करने का आदेश जारी किया था। इसके तहत तीन माह का चावल वितरण करने में पॉस मशीन में एंट्री और फिंगर स्कैन करने में काफी परेशानी हो रही थी। मशीनों के ठीक से काम नहीं करने के कारण हितग्राहियों के साथ दुकान संचालकों की भी परेशानी बढ़ गई थी।*

### *एक मशीन की कीमत लगभग 13 हजार रुपए*

*सूत्र के अनुसार एक ई-पॉस मशीन की कीमत लगभग 13 हजार रुपए है। प्रदेशभर में राशन दुकानों की संख्या लगभग 14 हजार हैं। इन सभी दुकानों में नई पॉस मशीनों से ही खाद्यान्न वितरण हो रहा है। इस तरह लगभग 18 करोड़ 20 लाख रुपए की मशीनें वितरित की गई है।*



*हर हफ्ते 5-6 मशीन खराब होने की शिकायत : रायपुर जिले के खाद्य विभाग में हर हफ्ते 5 से 6 मशीन के खराब होने की शिकायतें आ रही है। विभाग की ओर से इसके लिए संबंधित एजेंसी को सूचना देकर मशीन ठीक करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।*

### कलेक्टर से करेंगे शिकायत

ई-पॉस मशीनें बिगड़ने पर उसे सुधारने के काम में एजेंसी लापरवाही बरत रही है। सुधारने के एवज में पार्ट्स की राशि दुकान संचालकों से वसूली की जा रही है, वहीं पुराने पार्ट्स भी स्वयं एजेंसी अपने पास रख रही है। नये पार्ट्स संबंधी जीएसटी लगा बिल भी नहीं दिया जा रहा है। एजेंसी की मनमानी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

### मशीन के पार्ट्स-वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं

जिस एजेंसी को मशीन वितरण-मेंटनेंस का ठेका मिला है, उस एजेंसी के पास मशीन के पार्ट्स ही नहीं हैं। इसके कारण खराब मशीनों को सुधारने में जहां कई हफ्ते लगाए जा रहे हैं, वहीं मशीनों को सुधारने के एवज में संचालकों से उसका बिल भी वसूल किया जा रहा है। यही नहीं, मशीनों को सुधारने के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुकान संचालक को मशीन भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसके कारण खाद्यान्न वितरण भी प्रभावित हो रहा है।

### हैदराबाद की लिंक वेल कंपनी को मिला ठेका

खाद्य विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नई ई-पॉस मशीनों को राशन दुकानों में उपलब्ध कराने का ठेका हैदराबाद की कंपनी लिंक वेल को मिला है। इस कंपनी ने अनुबंध के अनुसार राशन दुकानों में ई-पॉस मशीनों का वितरण करने के साथ दुकान संचालकों एवं ऑपरेटरों को इसे चलाने की ट्रेनिंग भी दी थी। इसके अलावा इन मशीनों का निःशुल्क मेंटनेंस और रिप्लेसमेंट भी कंपनी को ही करना है।

## बिजनेस साइट

### सिल्क वीव्स एक्सपो की भव्य प्रदर्शनी को मिला शानदार रिस्पांस



रायपुर। गुरु तेग बहादुर भवन में 6 से 14 दिसंबर तक आयोजित सिल्क वीव्स एक्सपो की भव्य सिल्क एवं वेडिंग स्पेशल प्रदर्शनी को शहरवासियों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने पारंपरिक रीति से फीता काटकर किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालकों ने बताया कि रोजाना सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चल रही इस प्रदर्शनी में देशभर के कारीगर व बुनकर अपने श्रेष्ठ उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। कोलकाता, बनारस, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब सहित कई राज्यों से आए शिल्पकारों की पारंपरिक व आधुनिक डिजाइनों ने लोगों को खासा आकर्षित किया है। साड़ियों, ब्राइडल कलेक्शन, डिजाइनर दुपट्टों, कढ़ाईदार चुनरी, कुर्तियों, स्टोल और ज्वेलरी का विशाल संग्रह ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए विशेष छूट भी प्रदान की जा रही है।

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में 10 वर्षीय बच्चे का सफल इलाज



रायपुर। देवपुरी के 10 वर्षीय नित्या वर्मा की श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में हुई एक सामान्य आंखों की जांच ने उसके जीवन को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नियमित चेकअप के दौरान वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं निदेशक डॉ. चारुदत्त कलमकर और उनकी टीम ने आधुनिक तकनीकों से विस्तृत परीक्षण किया। जांच में कुछ असामान्य न्यूरो-ऑप्थैल्मिक संकेत मिले, जो साधारण आंखों की समस्या नहीं थे।

उन्नत आई-इमेजिंग और विशेषज्ञ विश्लेषण के आधार पर तुरंत आगे की जांच कराई गई, जिसमें ब्रेन ट्यूमर के प्रारंभिक संकेत सामने आए। समय रहते मिली इस जानकारी ने नित्या के इलाज को आसान और सुरक्षित बना दिया। विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन द्वारा की गई सर्जरी पूरी तरह सफल रही और नित्या अब पूर्णतः स्वस्थ है। उसकी दृष्टि सुरक्षित है और मस्तिष्क भी सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

### रायपुर में कल से शुरू होगा राष्ट्रीय बिजनेस कॉन्क्लेव 'जीतो पगारिया जेबीएन 360'



रायपुर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) रायपुर चैप्टर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर का भव्य बिज़नेस कॉन्क्लेव 'पगारिया जेबीएन 360' 13 से 15 दिसंबर तक जैनम मानस भवन में आयोजित होगा। तीन दिवसीय यह आयोजन प्रदेश की व्यावसायिक दुनिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, जहां देशभर के उद्यमी, पेशेवर और उद्योग विशेषज्ञ एक ही मंच पर जुटेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि तथा विधायक राजेश मूणत विशेष अतिथि होंगे। मुंबई से आरएसबीएल के चेयरमैन और जीतो के संस्थापक सदस्य पृथ्वीराज कोठारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन में दो दिनों तक पावर-पैक्ड बिजनेस सेशन, हाई-इम्पैक्ट नेटवर्किंग, बिजनेस एक्सपो और प्रीमियम स्टॉल्स प्रमुख आकर्षण रहेंगे। मोटिवेशन स्पीकर राहुल जैन, दीपक संघवी और डॉ. उज्ज्वल पाटनी प्रतिभागियों को प्रेरित करेंगे। इवेंट कन्वीनर निकेश बरड़िया ने इसे रायपुर के लिए ऐतिहासिक अवसर बताते हुए इसे व्यापारिक विकास का बड़ा मंच बताया।

### रायपुर में आज से सूत्रा इंडियन फैशन एग्ज़ीबिशन




रायपुर। राजधानी का फैशन परिदृश्य आज से और भी ग्लैमरस होने जा रहा है, क्योंकि बहुप्रतीक्षित सूत्रा इंडियन फैशन एग्ज़ीबिशन का आगाज आज बैबिलॉन कैपिटल, जीई रोड में हो गया है। 12 से 14 दिसंबर तक चलने वाला यह तीन दिवसीय प्रदर्शन शहर के फैशन प्रेमियों के लिए वेडिंग सीजन की खास सौगात लेकर आया है। इस बार का संस्करण 'वेडिंग एडिट' के रूप में पेश किया गया है, जिसे पीक वेडिंग सीजन को ध्यान में रखकर क्यूरेट किया गया है। प्रमुख ज्वैलर्स जेवर्स के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम देशभर के नामी डिजाइनरों और ब्रांड्स का भव्य संग्रह एक ही छत के नीचे प्रस्तुत कर रहा है। एग्ज़ीबिशन में विज़िटर्स को इंडियन क्राफ्टेड कोत्योर, लेटेस्ट ब्राइडल कलेक्शन, क्वर्की प्रेट वियर, आकर्षक ज्वेलरी, ईवनिंग गाउन, हाई हील्स और कई लग्जरी एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज देखने को मिलेगी। साथ ही, शानदार होम डेकोर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।

## पेज 11 के शेष ...

### इंडिगो की देशभर में 10 प्रतिशत...

ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल की थी। आपतकाल में कई यात्री ऊंची दरों पर टिकट खरीदने के बाद भी फंसे रहे। इसे लेकर देशभर के एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा हुआ। राजधानी रायपुर में भी कई दिनों तक यात्री परेशान रहे थे। विमान कटौती की पूर्व सूचना होने के कारण यात्रियों को पूर्व की तरह परेशान नहीं होना पड़ा।

### उज्जैन के महाकाल की...

लगाई जाएंगी। इससे महादेवघाट क्षेत्र दिन और रात दोनों समय सुरक्षित और सुंदर बना रहे। दरअसल, खारुन नदी के किनारे स्थित महादेवघाट के पुनर्विकास की योजना में तीन विभाग एक साथ मिलकर अलग-अलग फेज में काम करेंगे। इसमें नगर निगम, लोक कर्म विभाग और जलसंसाधन विभाग शामिल है। योजना के मुताबिक विसर्जन कुंड से टाटीबंध तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। जलसंसाधन विभाग घाट को सुरक्षित और विकसित करने कार्य करेगा।

वहीं नगर निगम प्रथम फेज में 20 करोड़ की कार्ययोजना बनाकर यहां उज्जैन के महाकाल कारिडोर की तर्ज पर भव्य कारिडोर का निर्माण कराएगा। इसके लिए नगर उत्थान योजना में राज्य शासन ने नगर निगम को 20 करोड़ की स्वीकृति दी है। महादेवघाट प्रवेश के दोनों रास्तों पर भव्य स्वागत द्वार बनाया जाएगा। इसके अलावा धार्मिक आयोजन के लिए यज्ञशाला, शेड युक्त गलियारा और लोगों के चलने फिरने के लिए पाथवे निर्माण होगा। रंगरोगन कर मंदिरों को नया स्वरूप दिया जाएगा।

### पेशी में लाया गया बंदी...

किया था। उसके विरुद्ध थाने में 20बी एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर शैलेष शर्मा की विशेष अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से वह जेल में ही बंद था। उसे दो सिपाहियों की निगरानी में पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान आशीष सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया।

### पीजी और पीएचडी करने वाले...

एकीकरण और समावेशी विकास आएगा। इसे ही ध्यान में रखकर भारतीय भाषा समिति ने एक और भारतीय भाषा सीखें कैंपेन शुरू किया है। इसका मकसद स्टूडेंट्स, टीचर्स और स्टाफ का भाषाई स्किल बढ़ाना है। अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझने में मदद करके नौकरी के नए रास्ते खुल सकेंगे। 22 शेड्यूल 8 भाषाओं में से अपनी मातृभाषा के अलावा एक और भारतीय भाषा चुननी होगी। मिसाल के तौर पर अगर आपकी मातृभाषा हिंदी है तो तमिल, बंगाली, मराठी, गुजराती, कन्नड़, तेलुगु, उड़िया, मलयालम कोई भी चुन सकते हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर हर तरह के कॉलेज में ये लागू होगा।


## खबर संक्षेप

### संस्कार शिक्षकों को पठन-पाठन सामग्री का किया वितरण



**रायपुर।** सर्वत्र शिक्षा समिति, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कार पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवा को संस्कार शिक्षकों को पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। यह वितरण स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिल सिंह द्वारा राज्य कार्यालय रायपुर में किया गया। इसी दौरान श्री सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा, संस्कार, संस्कृति, वेद मंत्र, देशभक्ति, राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी तथा नैतिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित है। बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को लेखन सामग्री के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए लूडो, कैरम बोर्ड तथा संस्कार-संस्कृति ज्ञान को बढ़ाने के लिए रामचरित मानस भी प्रदान की गई।

### आर्चिषा और तक्शिवी ने ओडिसी नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** गोविंद लीला कला कौशल द्वारा रंगमंदिर में विगत दिनों आयोजित प्रतिष्ठित महोत्सव में ओडिसी नृत्य की सब-जूनियर श्रेणी में दो नन्ही प्रतिभाओं "आर्चिषा बनर्जी" और "तक्शिवी गौतम" ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन दोनों बाल कलाकारों को उनके मनमोहक नृत्य-प्रदर्शन की तैयारी एवं मार्गदर्शन गुरु डॉ. डीएन बेहरा तथा उनके सुपुत्र भव्यदर्शी बेहरा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निर्णायकों एवं दर्शकों ने दोनों ही प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, लय और नृत्य-शैली की विशेष सराहना की।

# आदिम जाति विभाग के निगम, बोर्ड और आयोगों में जनवरी से कामकाज ई-ऑफिस सिस्टम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बुधवार को विभाग के अधीन सभी आयोग-बोर्ड एवं निगम के कार्यों एवं योजनाओं की विभागीय समीक्षा की। बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई। बैठक में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, तेलघानी विकास बोर्ड, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, रजककार विकास बोर्ड और चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आयोग बोर्ड एवं निगम की समीक्षा

### प्रतिवेदन जारी होगा ई-बुक के रूप में



उन्होंने आयोग-बोर्ड एवं निगम के विगत वर्ष 2022-2023, 2023-24 एवं 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि प्रतिवेदनों को विभागीय वेबसाइट के ई-बुक में भी अपलोड किया जाए। साथ ही सभी प्रतिवेदनों में अच्छे फोटोग्राफ भी लगाए जाने चाहिए। इसके अलावा कुल प्राप्त बजट आवंटन प्रस्ताव एवं व्यय के संबंध में जानकारी ली गई। आयोग-बोर्ड एवं निगम में विगत दो वर्षों की उपलब्धि एवं 3 वर्षों की कार्य योजना की जानकारी भी ली गई।

### निगम, मंडल, आयोग की नियमावली हो स्पष्ट

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की सभी आयोग-निगम एवं मंडलों की नियमावली स्पष्ट होनी चाहिए। इसके अलावा ई-एचआरएमएस की डाटा एंट्री एवं क्रियान्वयन के अध्ययन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सूची में जाति समावेशन-त्रुटि सुधार एवं अनुसंधान की अद्यतन स्थिति पर चर्चा एवं आयोग के पास कुल दर्ज प्रकरण, लंबित प्रकरण एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी समय-समय पर आयुक्त-बोर्ड एवं निगम का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान हिना अनिमेष नेताम, संयुक्त सचिव बीके राजपूत, अनुपम त्रिवेदी, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ सहित आयोग-बोर्ड एवं निगम के सचिव एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं कसावट लाने के उददेश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रदेश में 1 जनवरी 2026 से ई-ऑफिस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय एवं मुख्यालय स्तर पर इन निर्देशों का उचित क्रियान्वयन भी हो रहा है इसके माध्यम से जहां एक ओर प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं कसावट लाने में मदद मिल रही है वहीं दूसरी ओर कार्यों में अनावश्यक विलंब एवं लालफीताशाही भी दूर हो रही है। इसीलिए उन्होंने निर्देश दिए कि 1 जनवरी 2026 से समस्त आयोग-बोर्ड एवं निगम में ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रारंभ किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# सभी विभागों से चर्चा के बाद तैयार होगा बजट का खाका

## सचिव और विभागाध्यक्षों से बैठकों का दौर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने सरकार बनने के समय मोदी की गारंटी के साथ अन्य वादे किए थे। दो साल पूरा होने के बाद अब एक तरह से इसकी समीक्षा होगी, ताकि आने वाले समय में जनता की कसौटी पर भी खरा उतरा जा सके। वित्त विभाग ने बजट की तैयारी तेज कर दी है। सचिव और विभागाध्यक्षों से चर्चा का दौर बुधवार से शुरू हो गया है। वित्त विभाग 24 दिसंबर तक सभी विभागों से चर्चा कर बजट का एक खाका तैयार करेगा।

वित्त विभाग ने बजट की तैयारियों को लेकर 17 बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी की है। जारी दिशा निर्देश में इस बात का भी प्रमुखता से ध्यान रखा जाएगा कि विभागों ने पिछले बजट की राशि का कितना उपयोग किया है। प्रमुख योजनाएं धरातल पर उतरी कि नहीं। उल्लेखनीय है कि कई विभाग ऐसे हैं, जो अपनी बजट का पूरा हिस्सा खर्च ही नहीं कर पाते। कई योजनाएं ऐसी होती हैं, जिसका पूरी तरह पालन नहीं हो पाता। यही वजह है कि सभी विभाग से प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तार से मांगी है।



### नए पदों के लिए भर्ती की जानकारी भी

प्रदेश के करीब-करीब सभी सरकारी विभागों में कर्मचारियों की कमी है। वहीं, कुछ विभाग खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विभागों में नए पदों की मंजूरी बजट में मिलती है, लेकिन भर्ती प्रक्रिया नहीं हो पाती। यही वजह है कि वित्त विभाग ने सभी विभाग से नवीन पदों का सृजन एवं भर्ती की सहमति की जानकारी भी मांगी है। साथ ही विभागों को दैनिक वेतनभोगी एवं कार्यभारित-आकस्मिकता स्थापना में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी भी मांगी गई है।

### इन वादों को पूरा करने जोर

मोदी की गारंटी में कुछ वादे अभी भी पूरे करने बाकी हैं। इनमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर, बीपीएल बालिकाओं को जन्म प्रमाणपत्र, आयुष्मान योजना के तहत बीमा राशि 10 लाख रुपए तक बढ़ाना और छत्तीसगढ़ के हर संभाग में मेडिकल इंस्टिट्यूट का निर्माण शामिल है। इसके साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी वेबसाइट बनाने जैसे कदम भी योजना में शामिल हैं।





## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्द कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


# टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए आईआईएम में ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फ्रंटलाइन स्टॉफ के लिए नवा रायपुर में पांच दिवसीय ट्रेनिंग

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों से सीधे संपर्क में रहने वाले फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के अग्रणी प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम नवा रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मार्गदर्शन में टिकट चेकिंग कैडर के लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 से 24 दिसंबर तक आईआईएम में रखा गया है। इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के कुल 45 टिकट चेकिंग कर्मचारियों का एक बैच शामिल होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और आईआईएम नवा रायपुर के बीच यह सहयोग न केवल दोनों संस्थानों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे यात्रियों के साथ व्यवहार और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है। टिकट चेकिंग स्टाफ ने इस प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह व्यक्त किया है। उनके लिए यह प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने का पहला अवसर है, जो उनकी ग्राहक संतुष्टि क्षमता को सुदृढ़ करेगा तथा फ्रंटलाइन रेलवे कर्मचारियों के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स में और सुधार लाएगा।

### सेवा मानकों में होगी वृद्धि

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने उम्मीद जताई है कि जनता से नियमित रूप से संवाद करने वाले अधिकारियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने से भारतीय रेल की छवि एवं सेवा मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी ने की सफाई, एक ट्रैक्टर कचरा निकाला



**रायपुर।** शहर की धरोहर महाराजबंध तालाब को स्वच्छ और संरक्षित करने के लिए गुरुवार को ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया। पूर्व घोषणा के अनुसार 11 दिसंबर की सुबह तालाब परिसर में संगठन के सदस्य नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ जुटे। दल ने तालाब की सतह पर तैर रहे पॉलीथिन, प्लास्टिक, जलकुंभी और कचरे को बाहर निकाला। लगभग एक ट्रैक्टर भरकर कचरा बाहर निकाला गया। स्थानीय पार्षद और नागरिकों ने अभियान की सराहना की और नियमित सहयोग का आश्वासन दिया। पुरानी बस्ती जोन के अध्यक्ष चेतन पटेल और महिला विंग अध्यक्ष दुर्गा जैन, ब्लू विंग अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल सफाई नहीं, बल्कि समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, इसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी से मुहिम और मजबूत होगी। तालाब की सफाई अभियान में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत ग्रीन आर्मी के पदाधिकारी, सदस्य एवं नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## मृतकों के परिजनों को मिली मुआवजा राशि

**रायपुर।** जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के टीम द्वारा लगातार प्रयासों के बाद 10 दिसंबर को धमतरी क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर केस के पीड़ित परिवारवालों को लाखे नगर स्थित विधायक कार्यालय में विधायक मोतीलाल साहू और विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा मुआवजा राशि चार-चार लाख रुपए चेक के माध्यम से दी गई। साथ ही विधायक श्री मिश्रा द्वारा मृत परिवारों के परिजनों को नौकरी दिलाने का भरोसा भी दिया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीतू सागर ने बताया कि इस मुआवजा राशि के लिए पीड़ति परिवार और जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के पदाधिकारियों और समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार को और विधायक श्री मिश्रा, विधायक श्री साहू का आभार जताया है। लगातार सरकार से मुआवजा दिलाने में रमेश ठाकुर, गोपाल सोनी, बसंत बाग, शंकर तांडी, वैष्णव भत्रिया गुड्डू, मुकेश मोंगराज, प्रमोद महानंद, सिद्धू बघेल द्वारा योगदान दिया गया।









हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



ऊनी कपड़े पहनने से त्वचा पर ...


## सिटी इवेंट

### 'डेटा साइंस एंड इंटेलिजेंट नेटवर्क कंप्यूटिंग ' पर तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रस्तुत किए शोध पत्र



**रायपुर।** एनआईटी में तीन दिवसीय 'डेटा साइंस एंड इंटेलिजेंट नेटवर्क कंप्यूटिंग -2025' सम्मेलन का आयोजन किया गया। गुरुवार को कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित प्रथम आईईईई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना शर्मा, प्रोफेसर, ट्रीपल आईटी नया रायपुर एवं पूर्व वैज्ञानिक, बार्क ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. शुभ्रता गुप्ता, डीन (एकेडमिक्स), एनआईटी रायपुर शामिल हुईं। मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि कोई भी उपलब्धि अकेले संभव नहीं होती। उसके पीछे सहयोगियों, वरिष्ठों और टीम का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अपने एआई और एमएल सीखने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अपनी डेटा-क्षमता को मजबूत करते हुए दूसरों को सक्षम बनाना चाहिए, न कि बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना चाहिए। उन्होंने डेटा साइंस और बुद्धिमान सुरक्षा को उसी राष्ट्रीय गौरव के साथ अपनाने का आह्वान किया, जैसा चंद्रयान और महिला क्रिकेट विश्व कप के दौरान पूरे देश ने प्रदर्शित किया था।

#### अतिथियों व शोधकर्ताओं का हुआ सम्मान

डॉ. शुभ्रता गुप्ता ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित ज्ञान और उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि कई प्रतिभागी भले ही प्रस्तुतकर्ता के रूप में आए थे, परंतु वे खोजकर्ता और सीखने वाले के रूप में यहां से लौटेंगे। उन्होंने नवाचार को एक निरंतर चलने वाली यात्रा बताया, जो बुद्धिमान नेटवर्क कंप्यूटिंग, एआई और डेटा संचालित समाधानों के विकास में महत्वपूर्ण है। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। फीडबैक सत्र के पश्चात डॉ. शराफ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस प्रकार यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के प्रयासों और उपलब्धियों का सम्मान करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

#### शोध का सार हर दिशा में देखने में नहीं, केंद्रित रहने में निहित

अतिथियों का स्वागत करने के उपरांत डॉ. प्रियदर्शिनी ने मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा एवं डॉ. गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीते तीन दिनों की यह यात्रा नवाचार और विचारों के आदान–प्रदान से भरपूर रही। अर्जुन और पक्षी की आंख की कहानी का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि शोध का सार हर दिशा में देखने में नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य को पहचानने और उस पर केंद्रित रहने में निहित है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह आयोजन न केवल अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा, बल्कि कई अपेक्षाओं से भी आगे निकला है। तेजी से बदलती तकनीकी परिदृश्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज के मॉडल अत्यंत शक्तिशाली हैं और निरंतर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्थान छात्रों को सर्वोत्तम तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एआई बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेसन प्लानिंग, असेसमेंट और पर्सनलाइज्ड लर्निंग बनेगा सरल

# एआई तकनीक क्लासरूम में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों को विजुअल और वॉयस प्लेटफॉर्म में समझेंगे स्टूडेंट्स

**राजधानी के निजी स्कूलों में एआई बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लासरूम कांसेप्ट में 6वीं से 12वीं तक की क्लास के बच्चे पढ़ाई करेंगे। इस तकनीक के माध्यम से विद्यार्थी और शिक्षक एआई आधारित लेसन प्लानिंग, असेसमेंट और पर्सनलाइज्ड लर्निंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लासरूम स्कूली छात्रों में बुनियादी कौशल के रूप में एआई प्रवाह,डिजिटल रचनात्मकता सोच विकसित करने पर केंद्रित है।**

**रायपुर।** एआई उपकरण की मदद से बच्चों को इंटरेक्टिव लर्निंग का अनुभव होगा। गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों को विजुअल और वॉयस प्लेटफॉर्म से समझाया जाएगा। एआई की पढ़ाई के लिए संबंधित एजेंसी स्कूलों में उपकरण और प्रशिक्षक उपलब्ध कराएंगे। प्रशिक्षण स्कूलों के एक-एक शिक्षक को भी बेसिक जानकारी देंगे। राजीव गुप्ता स्टेट प्रेसीडेंट, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने बताया कि यह एक नई और अत्याधुनिक तकनीक है, जिसे शिक्षकों को सशक्त बनाने, विद्यार्थियों की सीखने की रुचि बढ़ाने और क्लासरूम्स को इंटेलीजेंट व सहयोगात्मक लर्निंग स्पेस में बदला में सहायात मिलेगी। इस तकनीक को प्रदेश के निजी स्कूलों में एम्प्लीमेंट करने को लेकर टीचर एम्पावरमेंट एंड अपस्किलिंग: प्रिपेयरिंग एडुकेटर्स फॉर एआई-ड्रिवेन क्लासरूम्स विषय पर एक उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेशभर के निजी स्कूलों के संबंधित प्राचार्य शामिल होकर चर्चा किए। स्कूल इकोसिस्टम के हर स्तर पर एआई को सार्थक तरीके से जोड़ने से स्कूलों के विद्यार्थी और शिक्षक के बीच पढ़ाई-लिखाई और भी सहज व प्रभावी होगी। यह इनोवेशन शिक्षकों और विद्यार्थियों को आपस में जोड़ता है, जिससे साकारात्मक, रोचक और सुरक्षित लर्निंग का माहौल बनाने में उपयोगी होगा। स्कूलों में इस तकनीक से क्लासरूम अनुभव को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। यह नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से जुड़ी समृद्ध कंटेंट लाइब्रेरी पर आधारित है, जिसे लगातार अपडेट किया जाता है, ताकि यह नए पाठ्यक्रम और टीचिंग ट्रेंड्स से मेल खाए। हमारे सभी स्कूलों में हाईटेक क्लास रूम हैं, जहां बच्चे व टीचर्स अध्ययन अध्यापन को वर्ल्ड क्लास बना रहे हैं।






#### शहर के इन स्कूलों में प्रयोग की तैयारी

स्कूलों में एआई तकनीक से की पढ़ाई का मतलब है कि छात्रओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के सिद्धांतों, तकनीक और अनुप्रयोगों को सिखाना, ताकि वे इस आधुनिक तकनीक को समझ सकें। इसम मशीन लर्निंग, डेटा विश्लेषण, और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण जैसे विषय शामिल होते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लास रूम समय के साथ नई पीढ़ी को आधुनिक इजुकेशन सिस्टम से जोड़ता है। इसमें डॉ. संजय भट्टाचार्य प्रिंसिपल, एमएम स्कूल, हेमाली सिंह प्रिंसिपल, होली हार्ट्स एजुकेशनल एकेडमी, अभिनय सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, मलय पंत मॉडरेटर, और वेंकट फणीकिरण चीफ एकेडमिक ऑफिसर, एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन शामिल हुए। इन स्कूलों में इस तकनीक की प्रयोग की तैयारी पर विचार किया जा रहा है।

#### सैद्धांतिक व प्रायोगिक टॉपिक्स को समझना होगा आसान

एआई तकनीक से लैस स्कूल क्लास रूम में स्टूडेंट्स व टीचर्स के बीच कनेक्टिविंट और एजुकेशनल कम्यूनिकेशन का स्तर कई गुना बढ़ जाएगा। क्लास में कम समय में विषय से जुड़े टॉपिक्स को स्टूडेंट्स समझ सकेंगे और उसका सही से सैद्धांतिक व प्रायोगिक रूप से एम्प्लीमेंट कर सकेंगे। यह एआई क्लासरूम एक तरह से साइंटिफिक लैब की तरह होगा, जहां स्टूडेंट्स व टीचर्स अपनी सभी जिज्ञासओं को शांत करने व कल्पना को साकार व मापन करने में सक्षम बन पाएगे।

#### एप के माध्यम से हाईटेक स्टडी का कांसेप्ट

एआई क्लासरूम का कांसेप्ट क्लासरूम में हाईटेक स्टडी टाइम मैनेजमेंट को प्रभावी बनाने में सहायक बन रहा है। इसमें कई तरह के स्टडी टूल्स स्टूडेंट्स की लर्निंग सेंस को बढ़ाते हैं। एक एप के माध्यम से टीचर्स के लिए एआई क्लासरूम में टीचिंग डेक जेनरेटर की सुविधा किसी भी विषय पर पूरी टीचिंग डेक कुछ ही सेकंड में तैयार कर सकता है। इससे समय और मेहनत बचती है तथा शिक्षक अपनी शैली के अनुसार उदाहरण जोड़कर क्लास को और असरदार बना सकते हैं। विषय और छात्रों के स्तर के अनुसार तुरंत ही क्लासरूम गतिविधियां तैयार करता है। बस एक छोटा-सा निर्देश टाइप करें और टीचर असिस्टेंट, प्रैक्टिकल एक्सरसाइज सुझा देगा। इससे तैयारी का समय घटेगा और पढ़ाई ज्यादा रोचक बनेगी।

## लाइव इवेंट

### स्टूडेंट्स ने भाषण, गीत व रंगोली से बयां की शहीद वीर नारायण सिंह की गौरवगाथा



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शहीद वीर नारायण सिंह का 168वां बलिदान दिवस मनाया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययन शाला विभाग के द्वारा किया गया। इस मौके पर इतिहास अध्ययन शाला विभाग के छात्रों के लिए खेलकूद, भाषण प्रतियोगिता, गीत, रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, गीत के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की वीरता का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉ.) आरके ब्रह्मे अध्यक्ष इतिहास अध्ययन शाला ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह सोनाखान के जमींदार थे। वे चाहते तो अंग्रेजों की जी हुजूरी करते हुए सुविधापूर्ण और भोग- विलास का जीवन जी सकते थे, लेकिन उन्होंने अन्याय के खिलाफ संघर्ष का मार्ग चुना। प्रमुख वक्ता प्रोफेसर रमेंद्र नाथ मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास अध्ययन शाला ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह पर अंग्रेजों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने गोदामों में भरे अनाज को लूटकर अपनी प्रजा में बंटवा दिया था। लेकिन, यदि न्याय की बात की जाए तो उन्होंने अकाल के कारण दाने-दाने के लिए मोहताज हो रहे अपनी प्रजा तक उनके अधिकारों को पहुंचाया। वीर नारायण सिंह की लड़ाई असमानता के खिलाफ थी, लेकिन अंग्रेजों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया और सजा दी। वीर नारायण सिंह को रायपुर स्थित जय स्तंभ चौक में 10 दिसम्बर को अंग्रेजों द्वारा फांसी पर चढ़ा दिया गया था। उन्हें 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। उनका बलिदान सदियों से संघर्ष, स्वाभिमान और अन्याय के प्रतिकार की प्रेरणा देता आया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) के. के. अग्रवाल उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ इतिहास परिषद एवं पूर्व प्रोफेसर इतिहास, प्रोफेसर (डॉ.) बीएल सोनकर अध्यक्ष अर्थशास्त्र अध्ययन शाला उपस्थिति रहे।

#### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अतिथियों में डॉ. डीएन खूटे सह-प्राध्यापक, डॉ. बसों नूरूटि सह-प्राध्यापक, डॉ. सीमापाल, डॉ. उदय अडाउ, डॉ. दिप्ती वर्मा के अलावा शोधार्थी, विभाग के विद्यार्थियों ने वीर नारायण सिंह के योगदान विषय पर परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी गोल्डी राज एक्का ने किया। इस अवसर पर इतिहास अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शोधार्थी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गोंडवाना महोत्सव में कवियों ने जमाया रंग हास्यरस में डूबे दर्शक, होते रहे लोट-पोट

**रायपुर।** राजधानी के बीटीआई ग्राउंड में चल रहे गोंडवाना महोत्सव के 14वें दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। गुरुवार की शाम महोत्सव में हास्य कवियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक कविता, तुकबंदी और चुटकुलों से दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। पूरा बीटीआई ग्राउंड ठहाकों से गूंज उठा। दर्शकों ने कार्यक्रम के दौरान जोरदार तालियों और हंसी के ठहाकों से कवियों का उत्साह बढ़ाया। गोंडवाना महोत्सव के ओपन सांस्कृतिक मंच पर काव्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखने को मिला।

इस दौरान कवि सुरेंद्र कुमार ने अपनी प्रसिद्ध प्रस्तुति "धन के लादेन मारूंगा नहीं, काम ऐसा करूंगा नहीं" से दर्शकों को खूब हंसाया। वहीं रामचंद्र श्रीवास्तव ने "शर्माजी के हेकड़ी धरी रह गई, सारी घटना का वर्णन करू, जनहित में जारी" जैसी रचना से लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कवि धर्मेंद्र सेन ने जीवन दर्शन को हास्य रंग में पिरोते हुए "नहीं मानोगे उसे, जीवन को जो कहता है इस जीवन में" प्रस्तुत की। मयूर मिश्रा ने अपनी अनोखी शैली में "अग जी को जी सुनो जी" के जरिए मंच पर रंग जमा दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने शानदार अंदाज में किया, जिन्होंने अपनी चुटीली बातों से दर्शकों को लगातार हंसाकर माहौल को जीवंत बनाए रखा।

#### बीटीआई ग्राउंड में महोत्सव के 14वें दिन कवि एवं लोक कलाकारों की शानदार प्रस्तुति



**पंथी नृत्य के थाप पर झूमे दर्शक :** महोत्सव में बालिका पंथी पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंथी नृत्य की ताल पर कलाकारों ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा मंच झूम उठा। कार्यक्रम में 'तोला पलना में झुलावंव बाबा', 'वीर बलिदानी गुरु बालकदास', 'होवत हे आनंद बधाई' जैसे पारंपरिक गीतों पर प्रस्तुति दी गई। झूमर की धुन पर कलाकारों की लयबद्ध थिरकन ने दर्शकों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित यह प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

#### 14 दिसंबर को होगा भव्य समापन

देर शाम तक महोत्सव में कवियों और लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि अब मेले के बहुत कम दिन बचे हैं, 14 दिसंबर को महोत्सव का भव्य समापन होगा। इस मेले में अभी तक बड़ी संख्या में लोग हिस्सा बनकर महोत्सव को सफल बना रहे हैं और आनंद उठा रहे हैं।

# सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह की शहर में तीन दिन तक मचेगी धूम

**रायपुर।** सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमीन माता महिला मंडली द्वारा आगामी 13 से 15 दिसंबर तक तीन दिवसीय सद्गुरु सत्संग समारोह का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया जाएगा। इसका शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे कलश एवं शोभायात्रा से किया जाएगा। इसके समापन के बाद दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक महंत देवदास साहेब का सत्संग, भजन एवं प्रवचन होगा। वहीं 14 दिसंबर को सुबह 9 से 10 बजे तक दीप प्रज्ज्वलित करते हुए गुरु महिमा का पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अश्वनी साहू एवं श्रवण दास ने बताया कि इसके बाद 3 बजे तक बाहर से आए हुए संतों और महंतों का प्रवचन होगा। दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक देवदास साहेब की सत्संग श्रृंखला सजेगी।

#### समिति ने हर काम के लिए तय की जिम्मेदारी

आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि इसके बाद आकाशवाणी के चर्चित कलाकारों द्वारा लोकगीतों एवं पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके लिए कबीर भवन में सभी तरह से व्यवस्थागत तैयारी की गई है। श्री साहू ने बताया कि आने वाले लोगों को सुविधा देने आयोजन समिति ने महिलाओं की अलग से जिम्मेदारी तय की है। सत्संग और समारोह को सफल बनाने में कबीर समाज के युवाओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कलश एवं शोभायात्रा के लिए भी अलग-अलग प्रभारी तय किए गए हैं, जो व्यवस्था बनाने का दायित्व निभाएंगे।

### उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया शिरकत

# हरियाणा-पंजाब में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मंच पर पंथी नृत्य-गीत से धूम मचा लौटा नर्तक दल

कार्नर न्यूज

*रायपुर। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर राज्य के पंथी नर्तक दल लौट आया है। राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त उपकार पंथी दल के 15 सदस्यों ने पंजाब और हरियाणा में पंथी नृत्य-गीत से संतशिरोमणी गुरु घासीदास के संदेशों को प्रसार किया। ग्राम कुटेश्वर के उपकार पंथी दल के दिनेश जांगड़े ने बताया कि उनका 15 सदस्यीय पंथी नर्तक दल ने 25 से 29 नवंबर तक ब्रह्म सरोवर परिसर कुरुक्षेत्र हरियाणा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पंथी नृत्य व गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक चंडीगढ़ (पंजाब) में आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेला में संत बाबा गुरु घासीदास दास जी के सिद्धांत, आदर्श, समानता, सद्भावना, सत्य, अहिंसा एवं मानव-मानव एक समान के अमर संदेश को पंथी नृत्य-गीत के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया। कार्यक्रम में भाग लेने पंथी नृत्य दल 23 नवंबर को रवाना हुआ था और 15 दिवसीय इस सांस्कृतिक दौरे से 5 दिसंबर को वापस लौटा है। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच पर पंथी नृत्य-गीत की मनोहर प्रस्तुति पंथी नृत्य मुद्राओं, पीरामिड, मांदर, झांज, झूमका, घुंघरू की पारंपरिक धुन, वेशभूषा को देख दर्शक ऊर्जा व ज्ञान से ओतप्रोत हुए। दोनों ही राज्यों की सांस्कृतिक विभाग व नागरिकों ने पंथी नर्तक दल का सम्मान किया और जमकर सराहना की। दिसंबर महीने में पूरे विश्व भर में गुरु घासीदास जी की जयंती की धूम रहती है। ऐसे में उपकार पंथी नृत्य दल पूरे दिसंबर महीने भर राज्य व देश-दुनिया से मिलने वाले आमंत्रण पर पंथी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियां देने से उत्साहित हैं।*



#### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो चुके सम्मानित

उपकार पंथी नृत्य दल राष्ट्रीय भारत पर्व दिल्ली, मणिपुर, नागालैंड, लोकरंग जयपुर, भोपाल, उज्जैन कालिदास समारोह, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला सूरजकुंड आदि में सम्मानित हो चुका है। इस संस्था को अब तक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान राष्ट्रीय युवा सम्मान 2018 (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार), स्वर्गीय देवदास बंजारे छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2016 (संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन) एवं यंग आर्टिस्ट अवार्ड 2013 (दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर महाराष्ट्र) आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

#### आकाशवाणी के लिए हुई रिकार्डिंग

दिनेश जांगड़े एवं साथी आकाशवाणी एवं रायपुर दूरदर्शन के नियमित कलाकार हैं। दिसंबर में गुरु घासीदास जयंती को लेकर 10 दिसंबर को पंथी नृत्य की आकाशवाणी में रिकार्डिंग की गई है, जिसका प्रासरण 18 दिसंबर को सुबह व शाम दो समय पर किया जाएगा।पंथी नृत्य दल में गायक सलीम जांगड़े, वादक जसवंत जांगड़े, झुमका वादक मनहरन दास जांगड़े, झांझ वादक विजय जांगड़े एवं सहयोगी कलाकार गौकरण दास जांगड़े, देवकरण दास जांगड़े, गोविंद सिंह गिलहरे, दुलेश्वर ढीढी, धनीराम गिलहरे, परमेश्वर जांगड़े, रोशन गिलहरे, सुरेंद्र कुमार जांगड़े, महेश्वर महिलांग, पनेशर गिलहरे शामिल हैं।

धर्म लाइव

## मेगा हेल्थ कैंप 18 को आयुर्वेद और एलोपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवा



**रायपुर।** राजधानी के शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन 18 से 22 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह आयोजन रायपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत द्वारा किया जा रहा है। इस निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य जांच, उपचार का लाभ मिलेगा। 18 से 22 दिसंबर तक शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप में देश भर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स अपनी सेवा देंगे। इसकी जानकारी रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने दी। उन्होंने बताया कि मेगा हेल्थ कैंप की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कैंप स्थल का निरीक्षण किया।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रदेश के नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिले। पांच दिवसीय इस मेगा हेल्थ कैंप में विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच, उपचार और दवाइयों का वितरण किया जाएगा। आयुर्वेद और एलोपैथी सहित विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम परामर्श और इलाज उपलब्ध कराएगी। कैंप का भव्य उद्घाटन 18 दिसंबर को होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, पूर्व महापौर सुनील सोनी, महापौर मिनल चौबे, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

सिटी लाइव

## नेशनल ह्यूमन राइट्स ने समाज सेवा के लिए दिया मैग्निफिसेंस अवार्ड




**रायपुर।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर प्रतिष्ठित 'मैग्नीफिसेंस अवॉर्ड्स - 2025' का भव्य आयोजन विमतारा भवन में किया गया। इसकी अध्यक्षता मोहित गुप्ता और अभिजीत राणे ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन एवं आयोजन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक संजीव कुमार द्वारा निभाई गई। देशभर से आए 250 से अधिक प्रतिनिधियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, अवार्डियों एवं विशिष्ट अतिथियों की प्रभावी उपस्थिति ने आयोजन को भी प्रीमियम राष्ट्रीय मंच का रूप दिया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुरंदर मिश्रा, अमित साहू सहित कई अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बनाया। इसमें अलग-अलग क्षेत्र में सेवा और उत्थान के लिए काम करने वालों का सम्मान किया गया।

### समाजसेवा में योगदान के लिए मिला सम्मान

किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक ठाकुर, जनपद सभापति देवेंद्र ठाकुर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सेवियो डीकोस्टा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मानवाधिकार संरक्षण, एंटी क्राइम जागरूकता तथा सुशासन पर विचार व्यक्त किए। 'मैग्नीफिसेंस अवॉर्ड्स' के अंतर्गत इस वर्ष उत्कृष्ट मानवाधिकार संरक्षण, एंटी क्राइम एवं एंटी करप्शन उत्कृष्टता, विशिष्ट सामाजिक सेवा, सामुदायिक कल्याण एवं राष्ट्रीय प्रभाव जैसी प्रतिष्ठित श्रेणियों में देशभर के प्रेरक लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें समाजसेवी गहोई यूथ अध्यक्ष रायपुर एवं लायंस क्लब रायपुर कैपिटल के पीआरओ और वॉलफ्रोर्ट सोसाइटी के उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता को समाजसेवा में योगदान के लिए मैग्नीफिसेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समाज इवेंट

## महात्मा गांधी नगर अमलीडीह में कल से तीन दिवसीय कबीर सत्संग



**रायपुर।** सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमिन माता महिला मंडली अमलीडीह द्वारा महात्मा गांधी नगर स्थित शिव मंदिर चौक में तीन दिवसीय 13 से 15 दिसंबर तक कबीर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न्यू पुरेना, न्यू राजेंद्र नगर, देवपुरी, लालपुर, रायपुर की ओर से किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के रामकुमार साहू और केदार साहू ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक महंत देवदास साहेब का सत्संग भजन एवं प्रवचन होगा। दूसरे दिन रविवार को संत-महंतों एवं महंत देवदास साहेब का सत्संग भजन एवं प्रवचन एवं संध्या 7 बजे से (देवरानी-जेठानी) 'तुलसी के फूल सतगुरु कबीर पंडवानी आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार की विशेष प्रस्तुति होगी एवं कार्यक्रम के अंतिम दिन 15 दिसंबर को सुबह संतों एवं महंतों द्वारा सत्संग भजन शाम 4 बजे से सात्विक चौका आरती महंत देवदास साहेब द्वारा संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल सांसद होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मोतीलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पार्षद विनय पंकज निर्मलकर के अलावा सदस्य अपील समिति, पार्षद डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद गायत्री नवरंगे, पार्षद सचिन मेघानी, पार्षद मनोज जांगड़े शामिल होंगे।

● बढ़ती महंगाई में शादी के मनमाने खर्च से बचाने आदर्श विवाह का आयोजन करने समाजों ने तय की लक्ष्य और

# होटल एंट्री पाइंट में सनातनी वर-वधू की होगी शाही शादी माता-पिता का खर्च बचाने समाज भी सजाएंगे लग्न वेदी

**बढ़ती महंगाई और बेटे-बेटियों की शादियों में होने वाले मनमाने खर्च से कर्ज के बोझ तले दबने वाले वर-वधू पक्ष को बचाने में समाज अहम भूमिका निभाने लगे हैं। चालू वैवाहिक सीजन में आदर्श विवाह करवाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। बेटे-बेटियों की शादी के लिए समाजों ने लग्न वेदी सजाने की तिथि ही नहीं, बल्कि लक्ष्य भी तय किया है। वहीं, दूसरी तरफ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सनातनी वर और कन्या की शाही शादी होटल एंट्री पाइंट में करवाने के लिए इस सीजन में 108 जोड़े का लक्ष्य तय किया है।**

**रायपुर।** बढ़ती महंगाई के बीच विभिन्न समाज ही नहीं, बल्कि संस्थाएं भी आदर्श विवाह की जिम्मेदारी अलग-अलग तरीके से निभाने की तैयारी में हैं। इसके लिए अभी समाज के लोग आयोजन को बड़ा स्वरूप देने के लिए सामाजिक भवनों ही नहीं, होटलों में भी शाही शादी का अवसर देने लगे हैं। कई समाजों ने तिथि तय नहीं की है। वहीं, कई समाज के लोगों ने इस बार दोगुने उत्साह से आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी में है। लग्न मंडप सजाने के लिए स्थल भी तय किया है। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आपस में जिम्मेदारी भी बांटी है, ताकि वर-वधू का विधि-विधान से रस्मों का पालन उनके स्वजनों की मौजूदगी में करवाया जा सकें। इस बार भी प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सनातन समाज के 108 जोड़ों की शादी का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। यह पहल उनके माता-पिता को खर्च के बोझ से बचाने के लिए संगठन करने वाला है।



### महाधिवेशन में पहले दिन ही आदर्श विवाह

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि हर साल महाधिवेशन के दिन ही आदर्श विवाह की परंपरा रही है। इस बार दो दिवसीय महाधिवेशन बलौदाबाजार के सईहा चारा में होने वाला है। यह महाधिवेशन 21-22 फरवरी को होने वाला है। महाधिवेशन के पहले दिन जिन बेटे-बेटियों का रिश्ता उनके परिजनों ने पहले से तय किया है, ऐसे 21 जोड़े का आदर्श विवाह समाज की मौजूदगी में किया जाएगा। समाज के लोगों को फिजूलखर्ची से बचाने के लिए यह प्रयास हर साल की तरह इस बार भी किया जाएगा। इसके लिए व्यवस्था बनाने के साथ ही आदर्श विवाह के लिए जोड़े की जानकारी अलग-अलग राज से इस बार भी मंगाई गई है। उनका चयन करने के बाद ही विवाह करवाया जाएगा।

### 21 जोड़े की शादी, युवक-युवती देंगे परिचय

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश सचिव सुन्दर यादव ने बताया कि समाज वार्षिक सम्मेलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ ही समाज के पदाधिकारियों ने इस साल भी 22 फरवरी को समाज के 21 जोड़े का आदर्श विवाह महादेव घाट स्थित सामाजिक भवन में करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सामाजिक स्तर पर दायित्वों का विभाजन करने के साथ ही लगातार 27वें वर्ष आदर्श विवाह करवाने का संकल्प पूरा किया जाएगा। इस बार समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन ही नहीं, बल्कि जिन परिवारों ने पहले से रिश्ता तय किया है, ऐसे जोड़े का आदर्श विवाह समाज के लोगों द्वारा करवाया जाएगा। इसमें बारात स्वागत सहित सभी नियम समाज की मौजूदगी में इस साल भी धूमधाम से पूरा किया जाएगा।



**वर-वधू पक्ष के रिश्तेदारों को भी देंगे अवसर :** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल और वैवाहिक आयोजन के मार्गदर्शक दीनदयाल गोयल की अगुवाई 4 जनवरी को कोरबा में एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। रावांभाठा स्थित होटल इंट्री पाइंट में सनातन समाज के 108 जोड़ों की शादी करवाने का लक्ष्य तय किया है। इसका सारा खर्च संगठन द्वारा किया जाएगा। इसमें वर-वधू पक्ष के 100-100 रिश्तेदारों को रहने-खाने और रिसेप्शन के साथ ही वर-वधू को गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए जरूरी साजो-सामान उपहार में दिए जाएंगे। यह दूसरा अवसर होगा, जब संगठन सनातन समाज के बेटे-बेटियों की शादी करवाने के लिए पहल करेगा। वैवाहिक आयोजन को पारिवारिक माहौल में विधि-विधान से करवाने की तैयारी है।

### 15 मार्च को 51 जोड़े का होगा आदर्श विवाह

शहर जिला साहू संघ के अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि पारंपरिक तरीके से 15 मार्च को जहां धूमधाम से कर्मा जयंती मनाई जाएगी, वहीं इसी दिन संतोषी नगर स्थित कर्मा माता धाम में वैवाहिक उत्सव का माहौल बनने वाला है। कुछ दिनों पहले ही करवाए गए युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बाद तय होने वाले जोड़ों की जानकारी समाज को मिलने लगी है। परिवारों द्वारा तय किए जोड़ों का आदर्श विवाह समाज द्वारा इस बार करवाने की तैयारी तेज की गई है। इस बार 51 जोड़े का आदर्श विवाह करवाने का लक्ष्य तय किया है। कर्मा धाम में होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए दायित्वों का भी विभाजन किया जाएगा।

## रोड लाइट और बैंड-बाजे से सजी शोभायात्रा बालाजी का श्रीविग्रह लेकर निकले श्रद्धालु



सैकड़ों भक्त परिवारों ने जोड़े में भगवान की विधिवत पूजा की

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में श्रीश्री बालाजी पूजा युवा समिति द्वारा पारंपरिक तरीके से भगवान श्री बालाजी की आराधना आठ दिनों तक पूजा मैदान में बनवाए गए दिव्य पंडाल में की गई। एन. प्रसाद राव और सोमेन चटर्जी सहित सैकड़ों बालाजी भक्तों ने गुरुवार शाम साढे 6 बजे रोड लाइट, बैंडबाजे के साथ भगवान बालाजी का श्रीविग्रह पालकी में सजाकर निकले। श्रद्धालु भजन गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। इससे पहले पूजा महोत्सव स्थल पर सैकड़ों भक्त परिवारों ने जोड़े में भगवान की विधिवत पूजा करते हुए आशीष लिया। इसके बाद भक्तिमय माहौल में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य पुजारी वासु मूर्ति द्वारा तय की गई पूजा तिथि के तहत 8 दिनों तक नित्य पूजा और आराधना के लिए उपासक परिवारों की प्रतिदिन अवसर मिला। शाम से देर-रात तक भक्तों की भीड़ रही।

### पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा

गुरुवार दोपहर में भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद लोग शाम को भगवान श्री बालाजी की शोभायात्रा में भी शामिल हुए। रास्ते में ट्रैफिक बाधित न होने पाए, इस लिहाज से वालेंटियर्स को दायित्व दिया गया था। मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा पहुंचने से पहले ही युवाओं ने लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, इससे बचाने के लिए व्यवस्था की बागड़ोर संभाली। पुलिस बल ने भी लोगों को सहयोग दिया। शोभायात्रा को आगे बढ़ाने के लिए आवाजाही को वन-वे किया।

### भजन-कीर्तन संग किया क्षेत्र का भ्रमण

समिति के लोगों द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत अपरान्ह तीन बजे से ही भगवान बालाजी की शोभायात्रा के लिए तैयारियों का दौर तेज हो गया था। आसपास के उपासक परिवार जहां परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करने के लिए पहुंचे। वहीं श्रीधाम वापसी के लिए निकाली गई शोभायात्रा में भी शामिल हुए। आरबीएस कॉलोनी, खमतराई, श्रीनगर और वहां से शिवांदन नगर स्थित गणेश मंदिर तक भ्रमण करते हुए लोग रात 10 बजे के बाद पहुंचे। मंदिर में भगवान बालाजी के श्रीविग्रह को यथास्थान रखने के बाद पूजा-अर्चना और आरती गायन के साथ भोग अर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितारण के साथ ही पूजा महोत्सव का समापन किया।

## गुरु घासीदास जयंती पर साहित्य संगोष्ठी 18 को, प्रदेशभर के साहित्यकार करेंगे शिरकत

**रायपुर।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती पर साहित्य संगोष्ठी 18 दिसम्बर को न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित है। संगोष्ठी का विषय मनखे-मनखे एक बरोबर, विश्व बंधुत्व सामाजिक समरसता में योगदान रखा गया है। इस संगोष्ठी में प्रदेश भर के अनेकों साहित्यकार शिरकत करेंगे। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, वरिष्ठ साहित्यकार व स्वागताध्यक्ष डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केशरी लाल वर्मा (कुलपति) छत्रपति शिवाजी विश्वविद्यालय (मुंबई) होंगे। अध्यक्षता डॉ. सुशील त्रिवेदी (पूर्व आयुक्त) राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि शशांक शर्मा (अध्यक्ष) साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शासन, गिरीश पंकज (वरिष्ठ साहित्यकार), डॉ.परदेसी राम वर्मा (भिलाई) एवं प्रो. रविंद्रनाथ मिश्र (रायपुर) होंगे। अन्य वक्ताओं में डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. स्वामी राम बंजारे, प्रो. आरपी टंडन, डॉ. कल्याण रवि, प्रो. डीएनखुटे, डॉ. अनिल भतपहरी, सेवकराम बांधे, डॉ. महेंद्र मिश्र सहित अन्य साहित्यकार शामिल होंगे।

### कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रायपुर। राजधानी में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था एक प्रयास ने गुरुवार को देवेंद्र नगर चौराहे पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा यह सेवाकार्य किया गया, जिससे सैकड़ों लोगों को ठण्ड से राहत मिली। उन्होंने कहा कि सर्द मौसम में बेसहारा व जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संजय सोनी, राधे नायक, जगन्नाथ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



हिंदू सम्मेलन में हजारों लोगों ने जय जय श्री राम का जयघोष किया

# महिलाओं ने विराट हिंदू सम्मेलन स्थल तक निकाली कलश यात्रा, नृत्य और फैंसी ड्रेस से सजाया मंच

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अग्रसेन चौक भैंसथान मैदान में गुरूवार को विराट हिंदू सम्मेलन हिंदू जागरण समिति रामसागर पारा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न बस्तियों और समाजों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल होने के लिए महिलाएं सिर पर कलश धारण करके विराट हिंदू सम्मेलन स्थल तक पहुंचीं। इससे उत्सव का माहौल क्षेत्र में देखने लायक था। शिवनगर स्थित शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 200 महिलाएं हिंदू जागरण के लिए बजरंग नगर आमापारा होते हुए कार्यक्रम स्थल तक बैंड-बाजे के साथ पहुंची। कलश यात्रा में बच्चों को भगवान कृष्ण का रूप देकर आकर्षण का केंद्र बनाया गया था। इसे देखने अलग-अलग बस्तियों से लोग पहुंचे। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य, बागेश्वर धाम सरकार का रूप धारण करके हिंदू जागरण के मंच पर पेश हुए। नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। हिंदू सम्मेलन में हजारों लोगों ने जय जय श्री राम का जयघोष किया।



### संत-महंतों ने मंच से लोगों को किया संबोधित

नाटक में समय के साथ कम होते संयुक्त परिवार को मजबूत करने का संदेश दिया। परिवार में एक साथ रहने का संदेश देते हुए संयुक्त परिवार जहां कम हो रहे हैं, ऐसे दौर में आज भी 12 लोग एक साथ रहते हैं। इनके घर में एक चूल्हा जलाया जाता है। ऐसे व्यक्ति विजय सोनी का सम्मान किया गया। वहीं संत वेदप्रकाश महराज ने कहा कि आज हम 21वीं सदी में कदम रख चुके हैं। कई संतों ने कहा है कि यह सदी हिंदुत्व की सदी है। हम सब हिंदू प्राचीन समय से एक हैं। छुआछूत, भेदभाव कहीं नहीं था, यह तो अंग्रेजों और मुगलों की चाल है। राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि आज के सम्मेलन को देशभर में प्रचारक के रूप में अतुल लिमये आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर उनका स्वागत करता हूं। इस आयोजन की महत्ता पर महंतजी ने प्रकाश डाला।



### दो-तीन माह के भीतर होगा हिंदू सम्मेलन

मुख्य वक्ता अतुल लिमये, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी में यह पहला हिंदू सम्मेलन है। आने वाले दिनों में देशभर में एक लाख हिंदू सम्मेलन दो-तीन माह के भीतर होंगे। उन्होंने आयोजन की जरूरत और महत्ता पर जोर देते हुए लोगों को संबोधित किया। आज हिंदू समाज एक विशिष्ट मोड़ पर खड़ा है। सम्पूर्ण विश्व का 27 प्रतिशत व्यापार भारत से चलता था, 1000 साल तक भारत पर आक्रमण होता रहा और आक्रमणकारियों ने भारत के लोगों पर अत्याचार किया। इसे युवाओं को समझना होगा। धर्म जागरण की महानगर प्रमुख दीपिका सोनी ने भी विराट हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोगों को संबोधित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तारु सिंग फाउंडेशन की टीम का 6 विकेट से विजयी आगाज



**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत डब्ल्यूआरएस क्रिकेट मैदान में गुरुवार को खेले गए पहले मैच में गुरुगोविंद सिंह स्टडी सर्कल लुधियाना ने देहली खालसा वारियर्स को 5 विकेट से पराजित कर दिया। 22 रन की नॉट आउट पारी व 3 विकेट लेने वाले लुधियाना के हमीर को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर की टीम ने आसानी से 6 विकेट से जीत लिया। आज के मैच के गेस्ट छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर व समाजसेवी बलदेव सिंह (पप्पू) भाटिया व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। श्री भाटिया ने कहा कि समाज के बीच युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे लाने का यह आयोजन काफी सराहनीय हैं और अपने सत्रहवें सीजन तक तो अब यह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर चुका है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी देहली खालसा वारियर्स के खिलाड़ी आज 100 का स्कोर भी नहीं बना पाये, पूरी टीम 17.2 ओवर खेलकर 99 रन पर आल आउट हो गई। प्रभुप्रीत ने 31 व अमरिंदर ने 18 रन बनाये। अतिरिक्त मिले 17 रनों का भी कुल स्कोर में महत्वपूर्ण योगदान रहा। लुधियाना की ओर से हमीर ने अच्छी गेंदबाजी की और 3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। गुरुसेवक,जसविंदर व सरबजीत को 2-2 विकेट मिले। जवाबी पारी खेलने उतरी लुधियाना की टीम के बल्लेबाजों ने रुककर बल्लेबाजी की और 15.5 ओवर में ही 5 विकेट खोकर जीत के लिए आवश्यक रन बनाते हुए 102 रन का स्कोर कर लिया। 7 चौकों की मदद से सबसे ज्यादा 33 रन गगन विर्क ने बनाए। हमीर 22, परमिंदर ने 18 रन बनाए। इस टीम को भी 12 अतिरिक्त रन मिले। देहली की ओर से सबज गिल ने ही 23 रन देकर 3 विकेट लिए बाकी गेंदबाज प्रभाव नहीं डाल पाये। बग्गा को जरूर एक विकेट मिला।

दूसरा मैच खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू व शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन रायपुर टीम के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए जम्मू की टीम ने 119 रन बनाये। दमनप्रीत ने 16 व गुरप्रीत ने 28 रन बनाए जबकि 27अतिरिक्त रन रहे। प्रकाशसिंग,वरुण व गुरुजोत ने 2-2 विकेट लिए। शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन की टीम ने मात्र 13.2 ओवर खेलकर ही मैच जीत लिया। ओपनर राजवीरसिंग ने 18 गेंदों में 34 रन की शानदार पारी खेली जिसमें 5 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। वरुण सिंग ने सबसे ज्यादा 44 रन (33 गेंद) बनाए। गगनदीप के 25 व अतिरिक्त के 13 रन भी कुल स्कोर में शामिल रहे। अगम ने 2 व पुषपिंदर व कमलप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। इस मैच के बेस्ट प्लेयर वरुण सिंह रहे। खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करने आज शहर के प्रबुद्धजन पूर्व महापौर एजाज ढेबर, अजीत कुकरेजा, मलकीत गैंदू, सुबोध हरितवाल, पंडरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लवली अरोरा, सतिंदर सिंग सानू, प्रभजोत सिंग लाडी, जसमीत खनूजा, रविराज सिंग, हरविंदर खनूजा भी उपस्थित रहे।

### अंडर-19 प्लेट ग्रुप में जारी है रोमांचक मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबला हुआ। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम सरगुजा ने कोरबा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 78 रन बनाए और टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा ने पहली पारी 9 विकेट पर 217 रन बनाए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम दुर्ग के विरुद्ध कोरिया बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 114 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग की टीम पहली पारी 166 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरिया जिला ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए। राजहरा में टीम महासमुंद ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध पहली पारी 55 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 190 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 67 रन बनाए। धमतरी में बस्तर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी 6 विकेट पर 288 रन बनाए। कवर्धा में कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए जशपुर टीम पहली पारी में 131 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम पहली पारी में 159 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट को खोए 14 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायगढ़ के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर टीम पहली पारी 200 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने पहली पारी तीन विकेट पर 129 रन बनाए।

#### भारत में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े

# मानसिक परेशानियों से गुजर रहे लोगों को दीजिए एक सहारा, टेली मानस पर भी कर सकते हैं कॉल

आकंडों के मुताबिक भारत सरकार के मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर पर हर दो मिनट में दो कॉल मदद मांगने के लिए आती है। जहां ये आंकड़े दर्शाते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता बढ़ी है, वहीं ये भी स्पष्ट है कि इतनी संख्या में लोग किसी न किसी प्रकार की मानसिक पीड़ा से ग्रसित है। जब भी स्वास्थ्य की बात आती है तो हम शारीरिक स्वास्थ्य पर खूब चर्चा करते हैं पर मानसिक स्वास्थ्य को जाने-अनजाने अनदेखा कर देते हैं। आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य को एक गंभीर और बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता हुआ देखा जा रहा है। हालांकि हाल के दशकों में, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। स्ट्रेस-एंग्जायटी हो या अवसाद की समस्या, हर साल दुनिया भर में लाखों लोगों में इसका निदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये गंभीर चुनौती बनती जा रही है क्योंकि कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 से भी कम आयु वालों को मेंटल हेल्थ की समस्याओं का शिकार पाया जा रहा है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैल रही है लेकिन इसके साथ एक कड़वी हकीकत भी सामने आ रही है,



जिससे पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य में भारत की हालत पहले से कहीं ज्यादा नाजुक है। सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए ताजा आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 से अब तक नेशनल टेली-मेंटल हेल्थ हेल्पलाइन (टेली मानस) पर लगभग 30 लाख कॉल आए हैं। सीधे शब्दों में कहें तो हर मिनट में लगभग दो लोग मदद मांगने के लिए फोन करते हैं। ये सिर्फ आंकड़े नहीं, ये उस भारी तनाव, अकेलेपन, एंग्जाइटी और अनकही पीड़ा का आईना हैं, जिसे लोग रोज झेल रहे हैं।

## भारत में मानसिक सेहत से संबंधित आंकड़े

राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को शुरू किए गए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाना, हर भाषा में काउंसलिंग उपलब्ध कराना और लोगों को 24×7 मदद देना था।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 1800-89-14416 है। सरकार के मुताबिक, अब तक कुल 29,82,000 से अधिक कॉल आई हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, हर मिनट औसतन दो कॉल मदद मांगने के लिए आती हैं। हेल्पलाइन पर 20 भाषाओं में सेवा



उपलब्ध है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत में मानसिक तनाव बढ़ रहा है, भले ही लोग खुलकर मदद मांगने लगे हों। ये आंकड़े बताते हैं कि हमें मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना गंभीरता से लेना होगा। समय पर बातचीत और काउंसलिंग जीवन बचा सकती है। परिवारों में संवाद बढ़ाने की जरूरत है। युवा पीढ़ी में भावनात्मक थकान बेहद आम है। स्कूल, कॉलेज और दफ्तर हर जगह मानसिक हाइजीन को महत्व देना होगा।



## इतने लोग क्यों कर रहे कॉल?

लोग इतनी तादाद में मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन पर कॉल कर रहे हैं, इसके पीछे कई कारण है।

## बढ़ती चिंता और तनाव

काम का दबाव, अनिश्चित भविष्य और आर्थिक चुनौतियां, ये सब मानसिक सेहत को गहरी चोट पहुंचा रहे हैं।

## सोशल मीडिया का दबाव

तुलना, कुछ छूट जाने का डर और डिजिटल हूबहूपन ने दिमाग को थका दिया है। सोशल मीडिया के दबाव से ग्रसित लोग मानसिक शांति के लिए मदद तलाश रहे हैं।

## रिश्तों और परिवार में दूरी

व्यस्तता या अन्य कारणों से लोग अपने परिवार और रिश्तों से दूर हो रहे हैं। भावनात्मक रूप से अकेले पड़ रहे लोग तनाव का शिकार हो रहे हैं।

# साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचें, मिल सकते हैं पैसे वापस



आपको एक खास नंबर के बारे में जरूरी जानकारी होनी चाहिए। अगर आप साइबर फ्रॉड के शिकार हो गए हैं तो इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं। आप जितनी जल्दी इस नंबर पर कॉल करेंगे उतनी जल्दी आपको पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन के बढ़ते दौर में साइबर ठगी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बीते वर्षों में देश के कई राज्यों से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं, जहां जालसाजों ने मोबाइल कॉल, फिशिंग लिंक या नकली कस्टमर केयर के नाम पर लोगों के बैंक खाते से पैसे निकाले हैं। इस तरह के साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर कई बार लोग घबराहट में तुरंत बैंक या पुलिस को सूचना नहीं दे पाते।

इस कारण ठगों को पैसे दूसरे खातों में भेजने का मौका मिल जाता है। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए भारत सरकार ने साइबर ठगी से निपटने के लिए एक खास तरह का हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी कर रखा है। इस नंबर पर कॉल करके आप तुरंत अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

यह हेल्पलाइन नंबर 24×7 चालू रहता है। इस नंबर पर शिकायत किए जाने के बाद संबंधित बैंक से लेन-देनको रोकने का प्रयास किया जाता है। अगर फ्रॉड होने के शुरुआती कुछ मिनटों में ही शिकायत दर्ज करा दी जाए तो ठगी की गई राशि के वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर फ्रॉड के ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां जालसाज कभी बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी मांगते हैं, तो कभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के नाम पर रिफंड का लालच देकर लिंक भेजते हैं। कई बार लोग इस तरह झांसे में फंस जाते हैं और अपने जीवनभर की कमाई गवां देते हैं। आपको किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा नहीं करना चाहिए। बैंक कभी भी फोन करके आपसे ओटीपी या पासवर्ड की मांग नहीं करता है। अगर कोई कॉल पर ओटीपी मांग रहा है तो सावधान हो जाइए यह जालसाज हो सकता है।

# इस मौसम में बनाकर तैयार करें बाजरे के आटे की कुकीज



बाजरा सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने के साथ-साथ ऊर्जा भी देता है। बाजरा की कुकीज न केवल कुरकुरी और स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी होती हैं। इन्हें बच्चे से लेकर बड़े सभी पसंद करते हैं और खास बात यह है कि ये घर पर बहुत आसानी से बन जाती हैं। जिसे आप कभी भी चाय या नाश्ते के साथ परोस सकते हैं।


बाजरा की कुकीज बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो एक बर्तन में बाजरा का आटा, इलायची पाउडर और नमक मिलाएं। इसके बाद दूसरी ओर एक छोटे पैन में घी और कद्दूकस किया हुआ गुड़ हल्का गर्म करें ताकि गुड़ घुल जाए।

इस मिश्रण को आटे में डालकर अच्छी तरह मिलाएं। जरूरत के अनुसार थोड़ा दूध डालकर मुलायम आटा तैयार करें। अब आटे की छोटी-छोटी गोलियां बनाएं और हल्का चपटा करके कुकीज का आकार दें। इन्हें बेकिंग ट्रे पर रखें और पहले से गर्म किए हुए ओवन में लगभग 12 से 15 मिनट तक बेक करें। ध्यान रखें कि ओवन का प्रीहीट होना बेहद जरूरी है।



# सर्दियों में बच्चों को बीमार होने से बचाएं और बढ़ाएं इम्युनिटी

सर्दी का मौसम आ गया है। पिछली सर्दी में आपका बच्चा बीमार पड़ गया था और अब फिर उसे खांसने-छींकने की शिकायत होने लगी है। चिकित्सक कहते हैं कि ऐसे में आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी। सर्दी का मौसम शुरू होते ही घर में गूंजती एक छोटी-सी छींक भी माता-पिता के दिल की धड़कनें तेज कर देती है। बच्चों की नाजुक त्वचा, सूखते होंठ और बांह मोड़कर ठंड से बचने की कोशिश, ये सब माता-पिता को परेशान करती हैं। वहीं सर्दियों में बच्चों को सर्दी-जुकाम, कान का दर्द, खांसी और हल्का बुखार जल्दी घेर लेते हैं और तब मन में एक-एक करके चिंताएं जन्म लेती हैं- क्या बच्चे का इम्यून सिस्टम कमजोर है? क्या मैंने उसे पर्याप्त गरम कपड़े नहीं पहनाए? क्या बाहर खेलने से उसे ठंड लग गई? माता-पिता का इस स्थिति में चिंतित होना स्वाभाविक है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे अगर कभी-कभार बीमार पड़ें तो यह उनकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने की सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन बार-बार बीमारी पड़ें तो आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। थोड़ी-सी समझदारी, सही देखभाल और मौसम के मुताबिक बदलाव बच्चे को ठंड से



बचाकर उसकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। फिर मौसम चाहे जितना भी ठिठुरन भरा हो, आपका बच्चा खुश, सक्रिय और पूरी तरह से स्वस्थ रहता है।

## हर बार बीमार क्यों

बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि कम तापमान और शीत लहर सीधे तौर पर बच्चों में संक्रमण का कारण नहीं बनते हैं। ये दोनों कारक ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं, जो बच्चों में स्वास्थ्य जोखिम को बढ़ा देते हैं। ठंड के महीने में बच्चे घर या बंद स्थान के अंदर ज्यादा समय बिताते हैं। ऐसे में स्कूल, घर या फिर डे-केयर में उनके दूसरे बच्चों में पनप रहे जर्म्स यानी कीटाणुओं के संपर्क में आने की आशंका बढ़ जाती है। दूसरी ओर बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही होती है। वे आम बीमारियों का कारण बनने वाले ज्यादातर वायरस के संपर्क में नहीं आए होते हैं। इसलिए वे वयस्कों की तुलना में ज्यादा बार बीमार पड़ते हैं। वहीं ठंडी और ड्राई हवा नाक के म्यूकस मेम्ब्रेन को सुखा देती है। म्यूकस मेम्ब्रेन रोगाणुओं से शरीर की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाता है। कुछ वायरस, जैसे-फ्लू वायरस ठंडे मौसम में शरीर में लंबे समय तक स्थिर बने रह सकते हैं। साथ ही छोटे बच्चे अपने हाथ को अक्सर मुंह और नाक के पास ले जाते हैं, जिनसे संक्रमित होने की आशंका बनी रहती है।

## कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली

सर्दियों में बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इसके कई कारण हैं। असल में ठंडी और शुष्क हवा वायरस के फैलने के लिए अनुकूल माहौल बनाती है, जिससे बच्चे जल्दी संक्रमित हो जाते हैं। इस मौसम में धूप कम मिलती है, जिससे विटामिन डी का स्तर घटने लगता है और इम्यूनिटी कमजोर पड़ती है। वहीं ठंड के कारण शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, जिसका असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ता है। ये सभी कारक सर्दियों में बच्चों को संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हार्बर ने ब्राउन के साथ की बदसलूकी, अभिनेत्री ने आरोपों पर अब तोड़ी चुप्पी




'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। लॉस एंजेलिस में पिछले दिनों 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5' के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान मिली और हार्बर एक-दूसरे के साथ बेहद सहज नजर आए। इसने फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि कुछ दिन पहले ही एक टैब्लॉयड रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मिली ने शो के फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू होने से पहले हार्बर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इन आरोपों पर नेटफ्लिक्स ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन खबरों में दावा किया गया कि जांच कई महीनों तक चली और मिली को कथित तौर पर सेट पर एक प्रतिनिधि के साथ आना पड़ा।

इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि ऐसी अफवाहों के बीच उन्होंने हार्बर के साथ एकजुट होकर क्यों खड़ा होना जरूरी समझा, तो अभिनेत्री ने बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई।

### टॉलीवुड

## खून भरे बाथटब में यश, दीवाने फैंस बोले- ये पोस्टर नहीं वॉर्निंग



पैन इंडिया सुपरस्टायर यश की अगली फिल्मं 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज का 100 दिनों का काउंटडाउन शुरू हो गया है। एक नए पोस्टर में यश खून भरे बाथटब में बैठे हुए हैं। फैंस इसे देखने के बाद 'धुरंधर पार्ट 2' को रिलीज डेट बदलने की सलाह दे रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश की पहली फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज में अब ठीक 100 दिन बचे हैं। मेकर्स ने यश का एक शानदार नया पोस्टर शेयर किया है, जिसे देख इंटरनेट की दुनिया दीवानी हो गई है। कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई है। क्रेजी फैंस कह रहे हैं कि ये 'पोस्टर नहीं, वॉर्निंग है।' यह फिल्म.मूल रूप से कन्नड़ में बनी है, जबकि इसे साथ के साथ इंग्लिश में भी शूट किया गया है। 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च 2026 को पैन इंडिया, हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम के साथ दूसरी भाषाओं में डब वर्जन में भी ईद और गुड़ी पड़वा के मौके पर रिलीज होगी। त्यौहार के साथ 'रॉकी भाई' के दीवानों को गैंगस्टर ड्रामा में एक्शन का ओवरडोज मिलने वाला है। फिल्म में यश के साथ 5 सुपरस्टार हीरोइनें हैं। मजेदार बात ये है कि रणवीर सिंह की 'धुरंधर' के मेकर्स ने 'धुरंधर पार्ट 2' के लिए भी 19 मार्च 2026 की रिलीज डेट ही तय की है। यानी बॉक्स ऑफिस पर महाक्लैश होने वाला है।'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज के लिए 100 दिनों का काउंटडान शुरू करते हुए खुद यश ने भी यह पोस्टर शेयर किया है। इसमें वह खून से लथपथ बाथटब में आराम फरमाते दिख रहे हैं। उनकी मस्कुलर बॉडी पर टैटू हैं। सामने बालकनी से रोशनी आ रही है। हालांकि, उनका चेहरा छिपा हुआ है, जिससे फैंस की दिलचस्पी और बढ़ गई है।

### भोजपुरी

## काजल की फिल्म 'मैं कौन हूं' दर्शकों से हुई रूबरू, पसंद आ रही अदाएं



एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'मैं कौन हूं' अब सीधे यूट्यूब पर रिलीज की गई है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी है और सभी से देखने की अपील की है। अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'फिल्म मैं कौन हूं को जरूर देखें और शेयर करें। हमेशा आशीर्वाद और साथ देते रहें।' फिल्म के निर्देशक-लेखक मृत्युंजय श्रीवास्तव हैं। इसके निर्माता देवांश इंटरप्राइज हैं। इसके सिनेमैटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी हैं और संजय कोर्बे और उधारी यादव ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय, देव सिंह, संयुक्ता रॉय, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, राजेश तोमर, सीपी भट्ट, सोनू पाण्डेय, बीना पाण्डेय, निधि सिंह, मनोज सिंह, बबलू खान और अशोक गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। एक्शन-ड्रामा फिल्म 'मैं कौन हूं' में एक्ट्रेस के साथ आनंद चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में दर्शकों को रोमांच, सस्पेंस, इमोशन के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा देखने को मिलेगी। मेकर्स ने पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया था। 3 मिनट 30 सेकेंड के ट्रेलर में आनंद चतुर्वेदी रघु नामक लड़के के किरदार में दिखे। इसमें दिखाया गया है कि वह पहले प्यार में डूबा रहता है, लेकिन विश्वासघात, षड्यंत्र और दर्द उसे भगवान महाकाल की शरण में ले आते हैं। जब खलनायक उसे मिटाने की कोशिश करता है, तभी उसके भीतर दबी आध्यात्मिक शक्तियां जागती हैं।

## मेन्स फ़ैशन की बारी

लाइफ स्टाइल



पेरिस का मेन्स फ़ैशन वीक एलीट मेन्सवियर की दुनिया में इनोवेशन और रिफाइनमेंट का एक अहम पल था। जिसमें फ्रांस की राजधानी ने एक बार फिर खुद को हाई-एंड फ़ैशन का सबसे बड़ा सेंटर बताया। इस इवेंट से लगभग 1.2 बिलियन डालर का व्यवसाय हुआ और लगभग 30,000 इंटरनेशनल विज़िटर आए। मशहूर पैलेस डे टोक्यो में हुए इस इवेंट में 70 से ज़्यादा जाने-माने फ़ैशन हाउस की भागीदारी रही।

## ऊनी कपड़े पहनने से त्वचा पर हो रही खुजली तो उठाएं जरूरी कदम

सर्दियों में ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनना जरूरी होता है, लेकिन कई लोगों को इन्हें पहनते ही त्वचा में खुजली, जलन या लालपन होने लगता है। खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को ये समस्या ज्यादा परेशान करती है। ऊन के रेशे अक्सर त्वचा की ऊपरी सतह पर रगड़ पैदा करते हैं, जिसके कारण सूखापन बढ़ता है और खुजली होने लगती है। कई बार लोग इसे एलर्जी समझ लेते हैं, जबकि ये सामान्य प्रतिक्रिया भी हो सकती है। यदि सही देखभाल और सरल घरेलू उपाय अपनाए जाएं, तो इस समस्या से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे सरल उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप ऊनी कपड़ों से होने वाली खुजली को कम कर सकते हैं और सर्दी के मौसम का आराम से आनंद ले सकते हैं।

### सूती कपड़ों की लेयर पहनें

ऊन के सीधे संपर्क से त्वचा में खुजली होना आम समस्या है। इसका सबसे सरल उपाय यह है कि ऊनी स्वेटर या शर्ट पहनने से पहले त्वचा पर पतली कॉटन की बनियान या टी-शर्ट पहनें। कॉटन एक नरम परत का काम करता है, जो ऊन के खुरदरे रेशों और त्वचा के बीच एक अंतराल बनाता है। इससे ऊन त्वचा को सीधा नहीं रगड़ेगा और खुजली काफी कम हो जाएगी। खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोग



इस उपाय को अपनाकर आराम महसूस कर सकते हैं।

### त्वचा को मॉइश्चराइज रखें

सूखी त्वचा पर खुजली अधिक होती है। सर्दियों में त्वचा का प्राकृतिक नमी स्तर कम हो जाता है, जिससे ऊनी कपड़े और अधिक रगड़ पैदा करते हैं। नहाने के बाद त्वचा को अच्छे मॉइश्चराइज़र, तेल या क्रीम से पर्याप्त रूप से नमी देना जरूरी है। मॉइश्चराइज करने से त्वचा की सतह मुलायम रहती है और ऊनी कपड़े से होने वाली जलन या खुजली कम हो जाती है। इस उपाय को रोज़ाना अपनाना सबसे असरदार होता है।

## नई शादी हुई है तो घर पर ऐसे हों तैयार, ससुरालवाले उतारेंगे नजर





नयी शादी के बाद हर लड़की चाहती है कि वो अपने नये घर यानी कि ससुराल में भी खूबसूरत और सुलझे हुए अंदाज में नजर आए। शादी के तुरंत बाद जिम्मेदारियों और नए माहौल के बीच खुद को तैयार करना कई बार मुश्किल लग सकता है, लेकिन सही स्टाइल और सही आउटफिट्स चुनकर ये काम बेहद आसान हो जाता है। आपको ये समझने की जरूरत है कि नयी दुल्हन का लुक बहुत ज्यादा भारी नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा होना चाहिए जो आरामदायक हो, फिर भी सोबर और ग्लोइंग दिखे। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि नई शादी के बाद घर पर कैसे तैयार हों, जिससे आपकी खूबसूरती भी निखरे और आपका कम्फर्ट भी बना रहे। ये टिप्स हर मौसम और हर फैमिली फंक्शन के लिए परफेक्ट हैं।

### हल्के और आरामदायक कपड़े चुनें

नई शादी के बाद घर पर तैयार होते समय ऐसे कपड़े पहनें जो देखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ आरामदायक भी हों। सूती सूट, हल्की साड़ी या कुर्ती-पलाज़ो जैसे आउटफिट पूरे दिन पहनने में आसान होते हैं और आपको एक एलीगेंट लुक भी देते हैं।

### सिंपल मेकअप करें

घर पर रहते हुए हल्का मेकअप ही सबसे सही विकल्प होता है। बीबी क्रीम लगाने से त्वचा को नेचुरल फिनिश मिलता है। इसके साथ काजल, हल्का ब्लश और लिप टिंट आपका लुक ताजा और सुंदर बनाते हैं। भारी फाउंडेशन या ओवरडन मेकअप घर के लिए सही नहीं लगता।

### स्मार्ट हेयरस्टाइल अपनाएं

हेयरस्टाइल बहुत भारी न रखते हुए सरल विकल्प चुनें। सिंपल ब्रेड, लो बन या हल्के वेवी ओपन हेयर घर पर जल्दी बनने वाले और खूबसूरत दिखने वाले स्टाइल हैं। ये आपके चेहरे को फ्रेश और सॉफ्ट लुक देते हैं।

### हल्की ज्वेलरी पहनें

नई दुल्हन के रूप में घर पर ज्वेलरी बहुत भारी नहीं होनी चाहिए। छोटे झुमके, सिंपल चूड़ियां और हल्की बिंदी आपके लुक को सोबर बनाती हैं। भारी मांग टीका या बड़े कानों के झुमके घर के कामों में असहज कर सकते हैं।

### फ्रेश लुक के लिए स्किनकेयर

अच्छा स्किनकेयर आपकी खूबसूरती को बिना मेकअप भी उभार देता है। चेहरे पर मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, जिससे त्वचा ग्लोइंग बनी रहे और डलनेस दिखाई न दे।

## रूखे हो रहे हैं बाल तो अपनाएं प्रोटीन से भरपूर हेयर मास्क

सर्दी के मौसम में बाल काफी रूखे हो जाते हैं, ऐसे में आपको ऐसे हेयर मास्क के बारे में जानना चाहिए, जो आपके बेहद काम का है। अगर आप भी ऐसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको प्रोटीन से भरपूर हेयर मास्क अपनाना चाहिए। प्रोटीन बालों की जड़ों को मजबूती देता है और बालों की बाहरी परत को मजबूत करके उन्हें मुलायम और रेशमी बनाता है। नियमित रूप से इस मास्क का इस्तेमाल करने से बालों की चमक, मोटाई और लचीलापन बढ़ता है। प्राकृतिक सामग्री से बने ये मास्क बालों को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें पोषण देता है। आइए जानें, कैसे प्रोटीन युक्त हेयर मास्क आपके बालों को बना सकते हैं बिल्कुल सिल्की और हेल्दी।

### इस्तेमाल का तरीका

अंडा और दही का मास्क बनाने के लिए एक अंडा और दो बड़े चम्मच दही को अच्छी तरह फेंटकर स्मूद मिश्रण तैयार करें। बालों को हल्का गीला करें और इस मिश्रण को जड़ों से लेकर सिरों तक लगाएं। इसे 20–30 मिनट



तक बालों में छोड़ दें। धोने के लिए हमेशा ठंडा या हल्का गुनगुना पानी इस्तेमाल करें, क्योंकि गर्म पानी से अंडा पक सकता है और बालों में जमा हो सकता है। इसके बाद हल्के शैम्पू से बाल धो लें। हफ्ते में 1–2 बार इसका इस्तेमाल पर्याप्त है।

### ये हैं फायदे

इस मास्क के नियमित उपयोग से बालों को गहरा पोषण मिलता है और रूखापन कम होता है। अंडे में मौजूद प्रोटीन बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जबकि दही बालों की नमी बनाए रखता है।


## नेल पॉलिश जल्दी छूट जाती है तो याद रखें टिप्स

नेल पॉलिश लगाते ही अगर वो जल्दी छूट जाए या सिर्फ एक-दो दिन में फीकी पड़ जाए, तो इससे लुक पूरी तरह से खराब हो जाता है। खासकर तब जब हम किसी खास मौके या रोजमर्रा की लुक को परफेक्ट बनाने के लिए नेल पॉलिश का इस्तेमाल करते हैं। कई बार नेल पॉलिश की कम क्वालिटी, गलत तरीके से अप्लाई करना या नाखूनों की सही केयर न करना इसकी वजह बन जाता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ आसान टिप्स अपनाकर नेल पॉलिश को लंबे समय तक टिकाया जा सकता है। आपको जानना चाहिए कि आखिर नेल पॉलिश जल्दी क्यों छूटती है, क्या गलतियां आमतौर पर लोग करते हैं और कैसे कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाकर नेल पॉलिश को 7–10 दिन तक सुंदर और चमकदार बनाए रखा जा सकता है।

### नाखूनों की अच्छी तरह सफाई करें

नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखूनों की सतह पूरी तरह साफ होनी चाहिए। साबुन-पानी या नेल पॉलिश रिमूवर से नाखूनों पर जमी ऑयल, धूल और क्रीम का अवशेष हटा दें। इससे पॉलिश नाखूनों पर बेहतर तरीके से टिकती है।

### बेस कोट का इस्तेमाल जरूरी है



अधिकतर लोग बेस कोट को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यही पॉलिश को नाखूनों पर मजबूत पकड़ बनाता है। बेस कोट पॉलिश को ज्यादा समय तक टिकने में मदद करता है और नाखूनों को दाग-धब्बों से भी बचाता है।

### पतली लेयर में नेल पॉलिश लगाएं

एक बार में मोटी परत लगाने से पॉलिश जल्दी क्रैक हो जाती है। इसलिए दो से तीन पतली कोट लगाएं। पतली लेयर जल्दी सूखती है और ज्यादा टिकाऊ होती है।

### टॉप कोट लगाना न भूलें

टॉप कोट नेल पॉलिश को ग्लॉसी फिनिश देने के साथ उसकी लाइफ भी बढ़ाता है। ये नेल पॉलिश को चिपकने, फीकी पड़ने या टूटने से बचाता है।

कार्नर न्यूज

**शादियों के मौसम में अपनी शापिंग में रखें खास ध्यान**

## वेडिंग सूट में दिखना है हैंडसम दूल्हा तो शॉपिंग के समय इन टिप्स को रखिए याद, बढ़ जाएगी रौनक

शादी करने जा रहे हैं और वेडिंग सूट खरीदना है तो यूंहीं खरीदारी करने से बचिएगा। क्योंकि यूंहीं की गई खरीदारी आपकी जेब पर भेल ही भारी न पड़ी हो लेकिन आपके लुक्स पर जरूर भारी पड़ जाएगी। शादी के लिए सूट लें तो कुछ बातों को जरूर याद रखें। ये वो बातें हैं जिनके बिना आपका लुक पर्फेक्ट आ ही नहीं पाएगा। इसका नतीजा होगा शादी के दिन ही आपका बिगड़ा हुआ लुक। इसलिए शादी से पहले सूट खरीदने जाएं तो इन पांच बातों को जरूर ध्यान रखें-

### वेन्यू और टाइम के साथ हो मैच

सूट खरीदते हुए जरूर आप इसके लुक पर ध्यान देंगे। लेकिन वेन्यू और टाइम को ध्यान में रखना भी जरूरी है। अगर आपकी शादी रात की है तो आपको हल्के रंग का सूट लेना होगा। लेकिन वेन्यू इंडोर है तो सूट डार्क कलर का होना चाहिए। रात में वेन्यू आउटडोर होने पर भी हलके रंग का सूट ही चुनें।

### बॉडी टाइप है जरूरी

शादी के लिए सूट को बॉडी टाइप के



हिसाब से भी खरीदा जा सकता है। याद रखिए हर किसी की बॉडी दूसरे से अलग होती है। इसलिए वजन ज्यादा होने पर या बहुत दुबले होने पर सूट सोच-समझकर खरीदें। दुबले हैं तो कई सारे पैटर्न आप पर अच्छे लगेंगे लेकिन मोटे हैं तो आपको फिटेड सूट ही खरीदना चाहिए।

### बिजनेस सूट को भूल जाइए

शादी के लिए सूट खरीद रहे हैं तो सबसे पहले तो अपने बिजनेस सूट का पैटर्न भूल जाइए। उसके हिसाब से सूट बिल्कुल न खरीदिए। आपको लेपल और पॉकेट की डिटेल्स पर भी ध्यान देना होगा।

### एसेसरीज भी हैं जरूरी

शादी के सूट के साथ एसेसरीज होना भी जरूरी है। इसलिए सिर्फ सूट पर इंवेस्टमेंट बिलकुल न करें। बल्कि इसकी एसेसरीज भी जरूर खरीदें। बो टाई, कफ लिंक्स, टाई आदि भी खरीदें। सूट के साथ अच्छी लगने वाली एसेसरीज खरीदी जा सकती है।

### दो कलर वाला टू पीस सूट

टू पीस सूट को शादी के लिए बेस्ट माना जाता है। आप भी इसे चुन सकते हैं। लेकिन आप रंगों में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। जैसे आप चाहें तो टू कलर टोन में ये वाला सूट ले सकते हैं। इनर वियर को हाईलाइट करने के लिए आप अंदर का कलर ऐसा लें जो दूर से ही दिख जाए। इससे बाहर के सूट की डिटेलिंग भी पता चल जाएगी।

